# लोजपा (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में धूम-धाम से मकर संक्रांति के अवसर चूड़ा-दही भोज कार्यक्रम सम्पन्न

## चूड़ा-दही भोज में महामहिम और मुख्यमंत्री समेत एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं किया शिरकत



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 1 व्हीलर रोड स्थित बिहार प्रदेश कार्यालय में मकर संक्रांति के अवसर पर पूरे हर्षोल्लास के साथ धूम-धाम से चूड़ा-दही कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें एनडीए के सभी घटक दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान जी ने सभी नेताओं को तिलकूट और दही खिलाकर मुंह मीठा करायें। इस अवसर पर श्री चिराग ने सभी बिहारवासियों समेत समस्त देशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई दी।पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ0 राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि उक्त अवसर पर महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव, बिहार विधानसभा के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह माननीय मंत्री दिलीप जायसवाल, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, हम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, अशोक चौधरी, कृष्णनंदन पासवान, मंगल पाण्डेय, नितिन नवीन, संतोष सिंह, विधान पार्षद संजय सिंह, पार्टी के माननीय सांसद अरूण कुमार भारती, वीणा देवी, शाम्भवी चौधरी, पूर्व सांसद रामाकिशोर सिंह, माननीय विधायक विशाल सिंह, सचिदानंद राय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजू तिवारी, पूर्व विधान पार्षद सह संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पाण्डेय, पार्टी के संस्थापक पद्म भूषण स्व0 रामविलास पासवान जी के तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में शिरकत कर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ0 भट्ट ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के बिहार प्रदेश से जूड़े पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिलों के महासचिव, सचिव और हजारों की संख्या में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता शामिल हुए।श्री चिराग ने पत्रकारों से दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन का अब नामों निशान नहीं रहा, दिल्ली चुनाव में जहां कांग्रेस और प्रदेश के क्षेत्रीय दलों ने इंडिया गठबंधन के अस्तित्व नही होने की बात कहीं है। राहुल पर निशाना साधते हुए श्री चिराग ने आगे कहा कि राहुल न तो गठबंधन और न ही पार्टी संभल पा रहा है। एक ओर दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आमने-सामने लड़ रही है, वहीं सपा और टीएमसी आम आदमी पार्टी को समर्थन दे रही है वहीं कांग्रेस अलग-थलग पड़ गई है। ऐसे में सवाल यह उठता बिहार में भी विधानसभा चुनाव में गठबंधन बरकरार रहेंगा या नहीं? दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजद को शामिल न होने पर श्री चिराग ने कहा कि जिस पार्टी का अस्तित्व अपने प्रदेश में ही नहीं है वे दिल्ली में क्या लड़ेंगें? आज दिल्ली में जो बिहार के लोग है वो राजद के जंगलराज से प्रताड़ित और सतायें हुए है।

# कोलकाता में पिंटू पासवान को STARZ अवार्ड ऑफ इंडिया से सम्मानित




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

**कोलकाता:** भारतीय कोल माइनिंग और हैवी ड्राइविंग क्षेत्र में अपनी खास पहचान बना चुके कृष्णा टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर श्री पिंटू पासवान को रळअफे अवार्ड ऑफ इंडिया से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद द्वारा प्रदान किया गया।श्री पिंटू पासवान को यह सम्मान उनकी कठिन मेहनत, समर्पण और युवाओं के लिए रोजगार एवं करियर निर्माण में दिए गए योगदान के लिए दिया गया। उनकी संस्था, कृष्णा टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर, ने हजारों युवाओं को ड्राइविंग में प्रशिक्षित कर न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी रोजगार के अवसर दिलाए हैं।समारोह के दौरान सोनू सूद ने कहा, "पिंटू पासवान जैसे लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनके कार्य न केवल उद्योग को समृद्ध करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाते हैं।श्री पासवान ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, सहकर्मियों और सभी समर्थकों को दिया। अपने धन्यवाद भाषण में उन्होंने कहा, "यह सफलता सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि उन सभी का योगदान है जिन्होंने हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन और प्रोत्साहन किया। विशेष रूप से, मेरे परिवार का प्यार और समर्थन इस सफर का आधार रहा।इस अवसर पर कई उद्योग विशेषज्ञ, पत्रकार और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे, जिन्होंने समारोह को और भी भव्य बना दिया।श्री पिंटू पासवान की यह सफलता उनके संघर्ष और समर्पण की कहानी कहती है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# पिक अप चालक को बाइक सवार युवकों ने घेरकर की मारपीट, मोबाइल और रुपए छीने



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक के चालीस आरडी बाजार पर पिक अप चालक को घेरकर बाइक सवार युवकों ने विवाद खड़ा कर मारपीट कर घायल कर दिया और चालक का मोबाइल और नगदी छीन लिया । मौके पर थाना पुलिस जांच में जुटी है। पीड़ित पानापुर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी इंद्रजीत प्रसाद कुशवाहा का 35 वर्ष पुत्र मुन्ना कुमार कुशवाहा हैं। इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। घायल ने बताया कि पिक अप लेकर आ रहा था कि चालीस आरडी बाजार पर बाइक सवार युवकों ने बाइक पिक अप में सटा दिया और गाली गलौज करने लगें और घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया और उसका मोबाइल और रुपए छीन लिया। पुलिस जांच में जुटी है।

# कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ ने आयोजित की मकर संक्रांति पर चूड़ा दही मैत्री भोज



ताजपुरसंवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

**पटना.** मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अधिवक्ता संजय कुमार पांडेय द्वारा मकर संक्रांति पर चूड़ा दही मैत्री भोज का आयोजन किया गया।

इस मैत्री भोज में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने मैत्री भोज में कहा कि कांग्रेस पार्टी में यह संस्कृति रही है कि वो पर्वों को उत्साह से मनाती है और मकर संक्रांति पर पूरे प्रदेश को भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ प्रेम का संदेश देते हैं।

बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामना दी। इसके अलावा इस अवसर पर जुटे कांग्रेसजनों को भी बधाई दी। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए। इसमें शामिल होने वाले नेताओं में प्रमुख हैं कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा0 शकील अहमद खान, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 राम जतन सिन्हा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव चंदन यादव, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, वीणा शाही, डा0 अशोक कुमार, नरेन्द्र कुमार, पूर्व सांसद अजय निषाद, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, प्रेमचन्द्र मिश्रा, विधायक राजेश कुमार, विजेन्द्र चैधरी , नीतू कुमारी, निर्मल वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, आनन्द माधव, कपिलदेव प्रसाद यादव, मुन्ना शाही, ज्ञान रंजन, चन्द्र प्रकाश सिंह, कुमार आशीष, डा0 संजय यादव, सौरभ सिन्हा, आलोक हर्ष नागेन्द्र कुमार विकल, संजय पाण्डेय, अभय कुमार शंभू, सत्येन्द्र प्रसाद, मिथिलेश राय, धनंजय शर्मा, कृष्णकांत तिवारी, मणिकांत त्रिपाठी, अरविन्द चैधरी, इशा रंजन पाण्डेय, कुमारी रूचि, शशि अंकित मुद्गल, उत्कर्ष विशाल मुद्गल, कैसर अली खान, उमैर खान, निधि पाण्डे, आशुतोष शर्मा, संजीव सिंह, अनुराग चंदन, मिन्नत रहमानी, मनोज मेहता,सुधा मिश्रा, उदय शंकर पटेल, दुर्गा प्रसाद, शशिकांत तिवारी, अरविन्द लाल रजक, मधुरेन्द्र कुमार सिंह सत्येन्द्र कुमार सिंह, मो0 शाहनवाज, राजनन्दन कुमार, विमलेश तिवारी, मनीष सिन्हा, सुदय शर्मा, मो0 कामरान, मृणाल अनामय, प्रदुम्न यादव, गप्पू राय, सुनील कुमार सिंह, शरीफ रंगरेज, विशाल झा,कुन्दन गुप्ता, विमलेश तिवारी, राजेश मिश्रा, मंजीत आनन्द साहू, अश्विनी कुमार सिंह, दीपक पटेल, अनूप कुमार, सिद्धार्थ क्षत्रिय, वसी अख्तर इत्यादि।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से राम बाबू की मौत, घर में छाया मातम



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के शीतल पट्टी चौक के पास एक रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया और फरार हो गया। इस घटना वाहन के चपेट में आने वाले व्यक्ति की मौत मौके पर ही हो गई। मृतक की पहचान मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरिजन कॉलोनी (नगर निगम) वार्ड संख्या 10 निवासी शिवजी महतो का 32 वर्षीय पुत्र राम बाबू महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह राम बाबू महतो किसी काम से शीतल पट्टी चौक गये थे तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत मौके पर ही हो गई। इधर किसी ने इस घटना की जानकारी दुरभाष द्वारा मुसरीघरारी थाना को दी। जानकारी मिलने पर थाना अध्यक्ष फैजुल अंसारी ने अपने टीम को घटना स्थल भेजा। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वही इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया, सभी का रो रोकर हाल बुरा बना हुआ है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक जख्मी, दरभंगा रेफर

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के जितवरिया इंदिरा गांधी राम सुकुमारी इंटर महाविद्यालय के समीप सड़क पर अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक जख्मी हो गया। जख्मी को 112 टीम की सहायता से सामुदायिक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के नामापुर गांव के शंकर राम के पुत्र अमरजीत राम के रूप में की गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने बताया की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गंभीर जख्मी युवक को डीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## रामेश्वर जूट मिल मुक्तापुर के मशीन से पीतल की चोरी

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड के तहत नगर निगम क्षेत्र भागीरथपुर के रामेश्वर जूट मिल मुक्तापुर से अज्ञात लोगों द्वारा एक मशीन में लगी पीतल की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। बतादें कि बोरा बिनने की मशीन में धागा घूमने वाले में पीतल लगी होती है, जिसे चुराकर चोर फरार हो गये। मामले को संज्ञान में लेते हुए मिल के पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त यूनियन के सचिव अध्यक्ष से शिकायत करते हुए आशंका जताई है कि ठंड के मौसम का फायदा उठाते हुए मिल के अंदर दो स्विफ्ट काम करने वाले मजदूर पर शंका जताई जा रही है कि चादर के भीतर पीतल खोलकर ले गये होंगे। गेट के दरबान में चेक नहीं की होगी। मजदूर यूनियन के पदाधिकारी मिल के पदाधिकारी द्वारा जांच करने की बात बताई गई है। एक मशीन में लगभग 100 की संख्या में धागा नाचने वाला रहता है। कीमत का अनुमान लगाते हुए अग्रसर कार्रवाई की जा रही है।

## इंटर , मैट्रिक एवं आई टी आई पास अभ्यर्थियों के लिए 17 जनवरी 2025 को आयोजित होगा नियोजन कैंप।

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. अबु बकर सिद्दीकी

इंटर , मैट्रिक एवं आई टी आई पास अभ्यर्थियों के लिए 17 जनवरी 2025 को आयोजित होगा नियोजन कैंप।

श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार जिला नियोजनालय, मधुबनी के द्वारा जिला परिषद कार्यालय परिसर में दिनांक-17 जनवरी 2025 को एक दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें "फी३१ङ्घ३ ळीूंल्लङ्घ'ङ्घ्८ स्त्र५३ द्वारा 30 रिक्तियों के विरूद्ध न्नीे१ ळीूंल्लूंल्ल पद हेतु चेन्नई एवं छत्तीसगढ़ के लिए अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाना है। जिसमें 10वीं 12वीं एवं आई टी आई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की नियुक्ति किया जाएगा। जिसके लिए अभ्यर्थियों की उम्र सीमा 18- 45वर्ष निर्धारित किया गया है, । तथा चयनित अभ्यर्थियों को (03) महिने का ट्रेनिंग पटना (बिहार) में कराया जायेगा ट्रेनिंग के दौरान रहना खान मुफ्त दिया जाएगा एवं प्रशिक्षण उपरांत प्रतिमाह 18,000/- से 22,000/- एवं टीॅ' भी दिया जाएगा,जिला नियोजन पदाधिकारी, मृणाल कुमार चौधरी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस नियोजन कैंप में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। तथा आवेदक अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ-साथ अपना बॉयोडाटा एवं पासपोर्ट साईज फोटो साथ में आवश्य लाएं।

# बाइक से बहन के यहा लाई चूड़ा देने जा रहें भाईयों की कार से टक्कर में एक की मौत और एक घायल



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक के बंगरा काली स्थान के पास बहन के यहां लाई चूड़ा देने जा रहे बाइक सवार दो भाईयों को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार एक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया।मृतक मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा गांव निवासी स्व मनोज राय का 18 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार उर्फ गोलू हैं वहीं घायल बंगरा गांव निवासी सुभाष कुमार का 18 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार हैं। घायल हो गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि बाइक पर सवार होकर एन एच 227 ए राम जानकी पथ होकर गोपालगंज के बगहा में बहन के यहा लाई चूड़ा देने जा रहे थे कि अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौत हो गई वहीं एक सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृतक भाई में एकलौता और दो बहन हैं। मृतक की मां गीता देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा घंटों सड़क जाम कर स्पीड ब्रेकर की मांग की जा रही है। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार, थानाध्यक्ष अजय कुमार और बंगरा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर स्पीड ब्रेकर बनवानें की मांग को माना हैं। वहीं थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती दल की मदद से कार को मशरक तख्त गांव में पकड़ लिया।

# विधायक समीर कुमार महासेठ के द्वारा आयोजित दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में जनसमूह उमड़ा




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. अबु बकर सिद्दीकी

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक समीर कुमार महासेठ के द्वारा अपने गिलेशन बाजार स्थित निजी आवास पर आयोजित दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में जनसमूह उमड़ा। कार्यक्रम सुबह दस बजे से शाम तक चला, जिसमें क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव, राज्यसभा सांसद डॉ फैयाज अहमद, पूर्व एमएलसी सुमन कुमार महासेठ, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा, डिप्टी मेयर अमानुल्लाह खान, सीपीआई महिला नेत्री राजश्री किरण, मोतीलाल शर्मा, लक्ष्मण चौधरी, बीडीओ पंडौल मनोज राय, जिला महासचिव पवन कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों समेत प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए पूर्व मंत्री सह नगर विधायक समीर कुमार महासेठ ने कहा यह पर्व हमारे समाज की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। मकर संक्रांति हमें अपने परिक मूल्यों को सहेजने और समाज में नई ऊर्जा का संचार का संदेश देती है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को मधुबनी वासियों के साथ जुड़ने का एक अद्भुत अवसर बताया विधायक ने कहा कि यह भोज मधुबनी परिवार के लिए है और उनका आगमन एक सेवक के लिए किसी सम्मान से कम नहीं है। कार्यक्रम में पारंपरिक दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोक संस्कृति को बढ़ावा देना और समाज में सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर आपदा जिला अध्यक्ष संजय कुमार यादव, नगर अध्यक्ष पप्पू यादव सुमन यादव, मो.मन्नान, लालू यादव, राजकुमार साह, पहलाद पूर्व, जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय जयकुमार, बिट्टू यादव सहित विभिन्न दलों के पदाधिकारी, मुखिया, जिला पार्षद, वार्ड पार्षद, सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आपसी विवाद में मारपीट में दो घायल



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक के सिसई गांव में आपसी विवाद में मारपीट में दो शख्स घायल हो गए। घायलों में सिसई गांव निवासी मन्नान हुसैन की 40 वर्षीय पत्नी जरीना खातुन और नाजीर आलम की 35 वर्षीय पत्नी रूबी बीबी शामिल हैं। घटना के बारे में बताया गया कि आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों घायल हो गए।

## बहुआरा और चालीस आरडी पर सड़क दुघर्टना में आधा दर्जन घायल

मशरक के बहुआरा और चालीस आरडी में सड़क दुघर्टना आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बहुआरा चवर में मशरक सहाजितपुर मुख्य सड़क पर बाइक पर नीलगाय कूद पड़ी जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायल नवादा गांव निवासी ओम प्रकाश साह और संध्या देवी हैं। बाइक पर सवार होकर सहाजितपुर जा रहें थे कि बहुआरा चंवर में नीलगाय कूद पड़ी जिसमें दोनों घायल हो गए। मशरक के चालीस आरडी नहर पर अनियंत्रित चार चक्का वाहन की टक्कर से बाइक सवार दादा पोता घायल हो गए। घायल सिवान जिला के बसंतपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी मोहन सहनी का 35 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र सहनी और स्व तपेश्वर सहनी का 70 वर्षीय पुत्र जगन सहनी के रूप में हुई।

# बीमारी से निधनं हुएं आशा कार्यकर्ता के आश्रित को सीएचसी प्रभारी दिया चेक



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक के कर्ण कुदरिया पंचायत के सिउरी गांव निवासी आशा कार्यकर्ता की ड्यूटी के दौरान निधनं हो जानें पर आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि का वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के प्रभारी कक्ष में प्रभारी डॉ संजय कुमार ने आश्रित को मुवाअजा का चार लाख रूपए का चेक सौंपा। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार , डॉ एस के विधार्थी समेत अन्य मौजूद रहें। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि आशा कार्यकर्ता सिउरी गांव निवासी आशा कार्यकर्ता निधू माला का निधनं हो गया था मृतक आशा के परिजन पति ब्रजेश कुमार को चार लाख का चेक दिया गया।

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 बिन्देश्वरी दूबे की 102 वीं जयंती सदाकत आश्रम में डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

पटना 14 जनवरी, 2025 इस अवसर पर स्व0 बिन्देश्वरी दूबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व0 दूबे बिहार राज्य के ही नहीं बल्कि देश के बड़े श्रमिक नेता थे। स्व0 दूबे के अथक प्रयास से कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया गया जिसके कारण कोयला खदानों के मजदूरों की आर्थिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया। उन्होंने कहा कि वे लोकप्रिय मुख्यमंत्री थे तथा राज्य सरकार में भी दबे, कुचले, पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक के विकास के लिये कई योजनाएँ चलायी। उन्होंने कहा कि दूबे जी कार्यकताओं का बड़ा सम्मान करते थे।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा0 शकील अहमद खान, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 राम जतन सिन्हा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव चंदन यादव, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, वीणा शाही, डा0 अशोक कुमार, नरेन्द्र कुमार, पूर्व सांसद अजय निषाद, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, प्रेमचन्द्र मिश्रा, विधायक राजेश कुमार, विजेन्द्र चौधरी , नीतू कुमारी, निर्मल वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, आनन्द माधव, कपिलदेव प्रसाद यादव, मुन्ना शाही, ज्ञान रंजन, चन्द्र प्रकाश सिंह, कुमार आशीष, डा0 संजय यादव, सौरभ सिन्हा, आलोक हर्ष नागेन्द्र कुमार विकल, संजय पाण्डेय, कैसर अली खान, उमैर खान, निधि पाण्डे, आशुतोष शर्मा, संजीव सिंह, अनुराग चंदन, मिन्नत रहमानी, मनोज मेहता, सुधा मिश्रा, उदय शंकर पटेल, दुर्गा प्रसाद, शशिकांत तिवारी, अरविन्द लाल रजक, मधुरेन्द्र कुमार सिंह सत्येन्द्र कुमार सिंह, मो0 शाहनवाज, विमलेश तिवारी, मनीष सिन्हा, सुदय शर्मा, मो0 कामरान, मृणाल अनामय, प्रदुम्न यादव, गप्पू राय, सुनील कुमार सिंह, शरीफ रंगरेज, विशाल झा, कुन्दन गुप्ता, विमलेश तिवारी, राजेश मिश्रा, मंजीत आनन्द साहू, अश्विनी कुमार सिंह, दीपक पटेल, अनूप कुमार, सिद्धार्थ क्षत्रिय, वसी अख्तर सहित अन्य कांग्रेसजन स्व बिंदेश्वरी दुबे के चित्र पर माल्यार्पण किए।

# डॉ सुबोध ने मकर संक्राति मिलन समारोह का किया आयोजन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सीतामढ़ी ।** अस्पताल रोड स्थित पानी टंकी के सामने डॉ सुबोध कुमार महतो ने मकर संक्रांति मिलन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य व बुद्धिजीवी शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ सुबोध ने आये सभी अतिथियों को मकर संक्राति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मकर संक्राति सामाजिक सदभाव को बढ़ावा देता है। इस दिन मकर राशि में सूर्य प्रवेश कर जाता है। लोगों ने दही, चूड़ा, तिलकुट, सब्जी एवं महाप्रसाद का आनंद लिया। कार्यक्रम में विधान पार्षद रेखा कुमारी, राजद जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक सुनील कुशवाहा, पूर्व कमिश्नर अरूण जायसवाल, पूर्व विधान पार्षद राजकिशोर कुशवाहा, डॉ मनोज, डॉ अवधेश महतो, भाजपा नेता राम आधार महतो, मनोज बैठा, डुमरा मुखिया संघ अध्यक्ष मोहन प्रियदर्शी, पूर्व प्रमुख पकंज कुमार, राष्ट्रपति पुरूस्कृत सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राज किशोर राउत, डॉ गोपाल, संतेंद्र भगत, तौहीद अनवर, शमीम खान, मोफीज खान, मिंटु कुमार, उदय कुशवाहा, रघुनाथ प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, रामबाबू महतो, मो कमर अख्तर, विनोद कुमार, अरूण कुमार, विकास कुमार, विमलेश कुमार, कमलेश कुमार, खुर्शीद आलम समेत दर्जनों उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सारण डीएम से मिले निर्देश के आलोक में मशरक के कवलपुरा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का मंगलवार को बीडीओ पंकज कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के आवास, शौचालय, वर्गकक्ष आदि का जायजा लिया और मिल रही सुविधाओं के संबंध में पूछताछ की। बीडीओ पठन पाठन, विद्यालय भवन, किचन, परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, रौशनी एवं सुरक्षा के मानकों से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डेन अलंकार ज्योति मौजूद रहीं। वहीं शिक्षिका एवं अन्य कर्मी मौजूद थे। विद्यालय में छात्राएं उपस्थित थी। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि जिले से मिले निर्देश के आलोक में निरीक्षण किया गया। मकर संक्रांति को लेकर दहीं चूड़ा और लाई तिलकुट खाने के लिए छात्राओं को उपलब्ध कराई गई थी। वहीं जो भी रिपोर्ट होंगी वह जिले को भेजी जाएगी

# मशरक में बाइक दुर्घटना में आधा दर्जन घायल, सीएचसी में भर्ती

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के थाना परिसर के पास दलित टोला गांव में अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से और स्टेशन रोड में बाइक दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। घायलों में पानापुर थाना क्षेत्र के सुरेश ठाकुर का 20 वर्षीय पुत्र मनु कुमार ठाकुर, सुरेश ठाकुर की 55 वर्षीय पत्नी लालमुनि देवी और राजेश ठाकुर की 40 वर्षीय पत्नी पुतुल देवी है। जो बाइक से बनियापुर थाना क्षेत्र के रामधनाव गांव से रिश्तेदारी में मुलाकात कर मशरक के रास्ते पानापुर के महमम्दपुर जा रहें थे। वहीं स्टेशन रोड में ठंड की वजह से बाइक सड़क पर गिर पड़ी जिसमें दो घायल हो गए जिनका इलाज निजी क्लीनिक में हुआ। दोनों इन्टरनेट कनेक्शन को ठीक करने वाले बताए गए।

# कार से बाइक में टक्कर में घायल की पटना ले जाने के दौरान मौत, परिजनों में छाया मातम

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में कार से बाइक में टक्कर से घायल युवक की पटना इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गई। मौत हो जाने पर परिजन शव को वापस मंगलवार को बंगरा गांव ले कर चले आए और एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर जाम कर दिया। मृतक बंगरा गांव निवासी सुभाष राय का 18 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार हैं। मौके पर थानाध्यक्ष अजय कुमार और बंगरा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह और समाजसेवी जे के सिंह ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने बताया कि बीते दिन पहले अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं एक युवक को इलाज के लिए



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया , जहां वहां से भी गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया जहां रास्ते में ही मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए।जिससे इलाके में दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सकें।

# कुहासे के कारण बालू ट्रेलर की टक्कर, घायल चालक, खलासी रेफर

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा पेट्रोल पंप के पास घने कुहासे के कारण बालू लदा टेलर ट्रक की आगे चल रहे टेलर ट्रक से टक्कर हो गई जिसमें टेलर ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को थाना पुलिस गश्ती दल ने इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। जहां उनकी पहचान यूपी के कुशीनगर जिला सुनवलिया निवासी गोरखनाथ सिंह का 32 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार और बचरा निवासी रविन्द्र बैरिया



का 32 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार के रूप में हुई। घायल चालक खलासी ने बताया कि बालू लेकर डोरीगंज से मशरक के रास्ते गोपालगंज जा रहा था कि घने कुहासे की वजह से आगे चल रहे टेलर ट्रक से टक्कर होने गयी। जिसमें दोनों घायल हो गए। वहीं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।







# राहुल गांधी के बिहार आगमन से बढ़ेगी ताकत, नए साल में बीजेपी-नीतीश को उखाड़ फेंकेंगे: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

■ राहुल गांधी करेंगे बिहार में सामाजिक संगठनों से संवाद, सदाकत आश्रम में करेंगे राजीव सभागार और इंदिरा भवन का उद्घाटन: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह




पटना. मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 18 जनवरी को पटना आगमन पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे जिसमें प्रदेश कांग्रेस के मुख्य सभागार के नवीनीकरण और उसके नामकरण राजीव सभागार और कांग्रेस कार्यालय के कर्मचारियों के लिए बने नवनिर्मित भवन जिसका नाम इंदिरा भवन रखा गया है उसका उद्घाटन भी करेंगे। नए साल में राहुल गांधी के बिहार आगमन से बीजेपी और नीतीश कुमार को उखाड़ फेंकने का काम भी कांग्रेस पार्टी करेगी। राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के आगमन से बिहार कांग्रेस के कार्यकताओं में नई स्फूर्ति आएगी जिससे एक एक कार्यकर्ता जुटकर सूबे में नई सरकार के गठन को प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम के प्रांगण में मौजूद मैदान में भव्य सभा आयोजित होगा जिसमें हमारे नेता राहुल गांधी उपस्थित जनसमूह और कांग्रेसजन को संबोधित करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में भी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार में विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ वार्ता की पहल की थी और उसी के तहत नए साल में नए जोश के साथ सभी से वार्ता करेंगे। यह संवाद कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ संविधान और सामाजिक समरसता पर चर्चा आयोजित होगी जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राम जतन सिन्हा, प्रेम चन्द्र मिश्रा, वीणा शाही, डॉ. अशोक कुमार, विधायक राजेश कुमार, बिजेद्र चौधरी, नीतू सिंह, पूर्व सांसद अजय निषाद, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मल वर्मा, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल, आनंद माधव, ज्ञान रंजन सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# जयंती पर याद किए गए पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

**सीतामढ़ी:** अंबेडकर कल्याण छात्रावास, सीतामढ़ी में बाबा दशरथ मांझी का जयंती समारोह छात्र प्रमुख विकास पासवान के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता चंदन मांझी ने छात्रों के साथ माउंटेन मैन दशरथ मांझी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता चंदन मांझी ने कहा कि बाबा दशरथ मांझी के कर्मों को देखते हुए उन्हें भारत रत्न दिया जाना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा के अभाव में अपने अधिकारों से बंचित हो जाते है। शिक्षा ऐसा हथियार है जिसकी बदौलत शेर की तरह दहाड़ सकते हैं। इसलिए गरीब परिवार के लोग नशा आदि छोड़कर अपने बच्चे-बच्चियों को शिक्षित बनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि राजनीत में भी गरीब परिवार के युवाओं को उपेक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बाबा दशरथ मांझी की जीवनी पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बाबा दशरथ मांझी के जीवनी से प्रेरित होकर गरीबों के हित में निरंतर एकजुट होकर सहयोग करने का संकल्प लिया गया। मौके पर छात्र सोनू राम, सुनील भारती, सूरज पासवान, जेपी पासवान, रणधीर बैठा, राहुल राम सहित अन्य छात्र शामिल थे।

# जिला प्रशासन के द्वारा मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया गया

मो.सदरे आलम नौमानी

**सीतामढ़ी:** कला संस्कृति एवं युवा विभाग के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा आज मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। मकर संक्रांति महोत्सव– 2025 का आगाज कमला बालिका उच्च विद्यालय के सभा कक्ष में संस्कृतिक कार्यक्रम के आगाज के साथ हुआ। संस्कृति कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला अधिकारी श्री रिची पांडे, पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, अपर समाहर्ता संदीप कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृज किशोर पांडे के साथ अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मकर संक्रांति सूरज के मकर राशि




में प्रवेश का प्रतीक है जो नए आरंभ और समृद्धि का संदेश देता है।यह पर्व ऊर्जा उम्मीद और खुशियों का आगाज भी है जो जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि लाने का संदेश देता है।उन्होंने इस पर्व के माध्यम से समाज में सामूहिकता और समरसता की भावना को प्रबल करने की अपील भी की और कहा कि मकर संक्रांति पर्व जीवन में सकारात्मक बदलाव और उन्नति का संदेश वाहक है।कहा कि यह पर्व हर समाज में रिश्तों की मिठास और सौहार्द का प्रतीक है जो विविधता में एकता की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है।वहीं पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि मकर संक्रांति उल्लास और परंपराओं का संगम है।यह पर्व अलग-अलग समाजों में अपने-अपने तरीके और रीति रिवाज के साथ मनाया जाता है। मकर संक्रांति सिर्फ त्यौहार नहीं बल्कि भारत की विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। इसकी इसके पूर्व संस्कृति कार्यक्रम में कमला बालिका उच्च विद्यालय के संगीत शिक्षकों शिक्षिकाओं के द्वारा विविध कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। स्वागत गीत के साथ सामूहिक गीत, शास्त्रीय गायन और नृत्य के साथ बसंत के आगमन पर आधारित गीत तथा कत्थक नृत्य की प्रस्तुति की गई। वही वही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के नुक्कड़ नाटक टीम कृष्ण कला जत्था के द्वारा बाल विवाह पर आधारित जीत की बेहतरीन प्रस्तुति की गई।साथ साथ ही नुक्कड़ नाटक की टीम के द्वारा बसंती बयार बहल, सरसों फुलाईल, ए हो पिया काहे बाड़ तू भुलाइल* गीत की मनमोहक प्रस्तुति की गई।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रकोष्ठ में टीकाकरण से संबंधित प्रखंड स्तरीय बैठक



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रकोष्ठ में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण से संबंधित प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स एवं बीडब्ल्यूआर मीटिंग की गयी।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हैदर ने बताया कि आशा कार्यकताओं के द्वारा घर - घर जाकर हेड काउंट सर्वे कर लिया गया है। जिसे डिजिटल माइक्रोप्लान में अद्यतन किया जा रहा है।बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मीरा कुमारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, यूनीसेफ प्रखंड प्रतिनिधि शंकर सुमन, डब्ल्यूएचओ प्रखंड मॉनिटर सुरेंद्र प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका अंजू कुमारी व अन्य उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारी सहित कर्मियों को कार्य में पारदर्शिता पूर्वक कार्य करने की सलाह दी।

# 08 मार्च (शनिवार) को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

(दरभंगा) :- सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा रंजन देव ने कहा है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा के तत्वावधान में 08 मार्च 2025 (शनिवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे से व्यवहार न्यायालय दरभंगा, बेनीपुर, बिरौल के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मुकदमा पूर्व एवं लंबित वाद यथा - शमनीय (कम्पाउंडेबल) आपराधिक वाद, एन.आई.एक्ट धारा 138 वाद, बैंक ऋण वसूली वाद, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम विवाद, विद्युत तथा पानी बिल संबंधी विवाद, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा संबंधी (वेतन, भत्ता एवं सेवानिवृत्ति लाभ), राजस्व मामले (जिला न्यायालय में लंबित) एवं अन्य दीवानी मामले यथा (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, संविदा के विनिर्दिष्ट पालन हेतु वाद), बी.एस.एन.एल, ग्राम कचहरी में लंबित वाद इत्यादि से संबंधित वाद का निष्पादन आपसी सुलह के आधार पर तत्काल किया जाएगा। इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठावें।

इच्छुक पक्षकार एवं विद्वान अधिवक्ताओं से अनुरोध है कि अपने अधिक से अधिक शमनीय वादों के निष्पादन हेतु संबंधित न्यायालय, संबंधित पंचायत के ग्राम कचहरी से अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, दरभंगा के टॉल फ्री हेल्पलाइन 15100 पर सम्पर्क किया जा सकता है। विशेष जानकारी हेतु फोन नंबर 06272-240113 तथा राष्ट्रीय लोक अदालत/विधिक सहायता से संबंधित किसी प्रकार की सहायता/जानकारी हेतु bslsalokadalat@gmail.com पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

# घायल पत्रकार से मंत्री ने की मुलाकात, मंत्री ने की शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर देवपार निवासी सेवानिवृत आरएयू पूसा के वरिष्ठ वैज्ञानिक स्व ब्रजकिशोर ठाकुर के घायल पत्रकार पुत्र अभय कुमार से मिलकर उनका हालचाल जाना। मौके पर मंत्री ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बतादें कि बीते 2 जनवरी को केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर ट्रक से टक्कर हो जाने के कारण बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें पत्रकार अभय कुमार बुरी तरह जख्मी हो गये थे। इसकी जानकारी मिलने पर मंत्री महेश्वर हजारी ने प्रगति यात्रा से लौटने के क्रम में उनके आवास पर जाकर मुलाकात किया। मौके पर प्रो एससी कुमार सहित प्रखंड जेडीयू अध्यक्ष रंधीर कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष ताराचंद्र मेहता, पूर्व मुखिया गीता देवी, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार मेघु, चंद्रशेखर राय, पप्पू कुमार आदि

# मुख्यमंत्री द्वारा भोला टॉकीज गुमती के पास आरओबी का शिलान्यास होना हास्यास्पद: शाहीन



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जिला के स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि समस्तीपुर - मुजफ्फरपुर रेल खंड के भोला टॉकीज गुमती संख्या (53 ए) पर आरओबी निर्माण हेतु अबतक टेंडर फाइनल नहीं हुआ है, बल्कि प्रक्रियाधीन है। आरओबी के निर्माण हेतु वर्क ऑर्डर भी निर्गत नहीं हुआ है। बिना निविदा और बिना वर्क ऑर्डर के भोला टॉकीज गुमती पर आरओबी का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाना बेहद आश्चर्यजनक व हास्यास्पद प्रतीत होता है। यह समस्तीपुर की भोली भाली जनता के साथ धोखा व छलावा है। शिलान्यास करके भ्रम फैलाया गया है, जबकि शिलान्यास से पूर्व की सारी औपचारिकताओं को पूर्ण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा के सत्र में इस मुद्दे को सदन में उठाया जाएगा।

# चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

केवटी (दरभंगा) :- केवटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को कुल चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि न्यायालय के एनबीडब्ल्यू वारंटी खिखरीपट्टी निवासी हीरालाल महतो, मोतीलाल महतो, रंजीत महतो और डलवा निवासी रमाकांत यादव जो पिछले काफी दिनों से फरार चल रहे थे।इन्हें गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया।

# प्रखंड कार्यालय में किया गया कंबल वितरण

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ



नावकोठी/बेगूसराय/ प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।ठंड को देखते हुए नावकोठी प्रशासन के द्वारा लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है। ठंड के बीच जीवन यापन करने वाले साधन विहीन एवं जरूरतमंद लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पांडे, समसा के मुखिया अभिषेक कुमार पिंटू, पहसारा पूर्वी के मुखिया दिनेश यादव, डफरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ई. रंजीत कुमार पमपम, पंसस मो इमरोज, अजीत कुमार, रंजीत कुमार महंथ के द्वारा कंबल का वितरण किया गया।प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को ठंड से निजात दिलाने हेतु कंबल का वितरण किया गया है।इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर मुझे अत्यधिक खुशी हुई। नर सेवा ही नारायण सेवा है।इस दौरान पहसारा के नीरज सदा, महेशवाड़ा के विष्णुदेव सदा, सैदपुर के सीता देवी, गौड़ीपुर के तुसा देवी, समसा के सरिता देवी, देवपुरा के कामिनी देवी, नावकोठी के आशा देवी, देवड़ा के गिरजा देवी, बागर के लक्ष्मी देवी, बभनगामा के रामेश्वरी देवी सहित 40

गरीब लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया।इस दौरान प्रखण्ड नाजिर आशीष कुमार, प्रधान सहायक मनसर प्रसाद सिंह, विभाकर कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि राजन कुमार, कार्यपालक सहायक सुरेश ठाकुर, सुबोध कुमार सहित अन्य ब्लॉक कर्मी उपस्थित थे।

# लापता बच्चे की तलाश जारी, खोजने आएगा डॉग स्क्वॉड

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद



समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर प्रखंड के अंतर्गत हांसा पंचायत के महराजगंज (नागरबस्ती) वार्ड संख्या 04 निवासी मो लाडले पिता मो सफीक ने मथुरापुर थाना में एक आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने लिखा है कि उनका 07 वर्षीय भांजा मो सलमान दिनांक 11 जनवरी 2025 को करीब साढ़े तीन बजे से गायब है। जिसे सभी रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किया गया परंतु आज चार दिन बीत गया मगर कही नहीं मिला। आवेदक ने थानेदार से खोजी कुत्ता द्वारा पता करने की गुहार लगाई है। इधर जानकारी मिलने पर सदर डीएसपी टू विजय महतो अपने टीम के साथ महाराजगंज (नागरबस्ती) पहुंचे और लापता बच्चे के परिजनों से पूछताछ की। उन्होंने आश्वाशन दिया है कि वे डॉग स्क्वॉड (खोजी कुत्ता) मंगवाकर गायब बच्चे की तलाश की जाएगी। इसके लिए मथुरापुर थाना को निर्देश दिया गया है।

# बेगूसराय की रक्तदाता समूह राष्ट्रकवि दिनकर सेवा दल को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
साहिल अंसारी




14/01/2025 बेगुसराय मिथिला की पावन धरती दरभंगा में दिनांक 11 और 12 जनवरी 2025 को समर्पण मिथिला के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन में बेगूसराय की रक्तदाता समूह राष्ट्रकवि दिनकर सेवा दल को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वही मिथिला की धरती दरभंगा में समर्पण मिथिला के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर मृदुल शुक्ला के हाथों राष्ट्रकवि दिनकर सेवा दल को क सम्मानित किया गया। इस राष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन में बिहार सहित, पूरे भारत के अलग अलग राज्यों से रक्तदाता समूह के साथ पड़ोसी देश नेपाल से भी रक्तदाता प्रतिनिधि इस सम्मान समारोह में शिरकत कर रहे थे। मिथिला की पावन धरती दरभंगा में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होने पर राष्ट्रकवि दिनकर सेवा दल के नियमित रक्तवीर योद्धा राहुल कुमार राजा जी ने बताया की यहां पर पूरे भारत से आए हुए ब्लड की संगठन से मिलकर बहुत कुछ सीखने को मिला जो की आगे जागरूकता में हमलोग को मदद करेगी। राष्ट्रीय सम्मान समारोह में राष्ट्रकवि दिनकर सेवा दल का प्रनिधित्व कर रहे जद्दू कुमार राय जी ने बताया की या सम्मान पाकर हमारी टीम काफी गौरवान्वित महसूस कर रही है। और भविष्य में रक्तदान के प्रति और भी ज्यादा जागरूकता फैलाने का कार्य करेगी। इस सम्मान समारोह में राष्ट्रकवि दिनकर सेवा दल से नीलू सोनू मौर्या, परवीन कुमार प्रिंस, आदित्य कुमार गोलू, जद्दू कुमार राय और राहुल राजा जी मौजूद रहे। बिहार राज्य से भी कुछ खास संस्थाओं को समारोह में समानित किया गया जिसमें ह्यूमैनिटी ब्लड डोनर्स ग्रुप खगड़िया, सनातन रक्तदान समूह समस्तीपुर, श्री विष्णु नाट्य कला परिषद सेहान वैशाली, वत्स सेवा समिति तेघड़ा शामिल हैं

# मकर संक्रांति जीवन में सकारात्मक बदलाव और उन्नति का संदेश वाहक : जिलाधिकारी

वरिष्ठसंवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

■ मकर संक्रांति उल्लास और परंपरओं का संगम : पुलिस अधीक्षक




**सीतामढ़ी** । कला संस्कृति एवं युवा विभाग के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन हर्षौल्लास के साथ किया गया। मकर संक्रांति महोत्सव का आगाज कमला बालिका उच्च विद्यालय के सभा कक्ष में संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी रिची पांडे, पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, अपर समाहर्ता संदीप कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृज किशोर पांडे समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मकर संक्रांति सूरज के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है, जो नए आरंभ और समृद्धि का संदेश देता है।यह पर्व ऊर्जा उम्मीद और खुशियों का आगाज भी है जो जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि लाने का संदेश देता है।उन्होंने इस पर्व के माध्यम से समाज में सामूहिकता और समरसता की भावना को प्रबल करने की अपील भी की और कहा कि मकर संक्रांति पर्व जीवन में सकारात्मक बदलाव और उन्नति का संदेश वाहक है।कहा कि यह पर्व हर समाज में रिश्तों की मिठास और सौहार्द का प्रतीक है, जो विविधता में एकता की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है।वहीं पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि मकर संक्रांति उल्लास और परंपराओं का संगम है।यह पर्व अलग अलग समाजों में अपने अपने तरीके और रीति रिवाज के साथ मनाया जाता है।मकर संक्रांति सिर्फ त्यौहार नहीं बल्कि भारत की विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।कार्यक्रम में कमला बालिका उच्च विद्यालय के संगीत शिक्षकों व शिक्षिकाओं के द्वारा विविध कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। स्वागत गीत के साथ सामूहिक गीत, शास्त्रीय गायन और नृत्य के साथ बसंत के आगमन पर आधारित गीत तथा कत्थक नृत्य की प्रस्तुति की गई। वहीं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के नुक्कड़ नाटक टीम कृष्ण कला जत्था के द्वारा बाल विवाह पर आधारित जीत की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। साथ साथ ही नुक्कड़ नाटक की टीम के द्वारा बसंती बयार बहल, सरसों फुलाईल, ए हो पिया काहे बाड़ तू भुलाइल गीत की मनमोहक प्रस्तुति की गई।कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य वरीय शिक्षक श्री एसएन झा ने किया।

मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा स्थानीय डुमरा हवाई अड्डा मैदान में मैत्रीपूर्ण पतंग बाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने भी पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति पर्व को सेलिब्रेट किया।पतंगबाजी कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सहित जिला के सभी वरीय पदाधिकारी शामिल थे।

## डीएम निर्माण अधीन खेल मैदान का निरक्षण करेंगे



**मो. सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:**जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किए गए खेल मैदान का समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सभी प्रखंड में निर्माण हो रहें खेल मैदान की प्रगति एवं उसमें उपयोग हो रहें सामग्रियों की गुणवत्ता की समीक्षा की गई।सभी तकनीकी पदाधिकारी एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि खेल के मैदान में उपयोग हो रहे सामग्री की गुणवत्ता का जांच स्वयं करेंगे। जिले के 258 पंचायत में 142 पंचायत में 163 खेल मैदान का निर्माण होना है। वर्तमान में 97 खेल मैदान का कार्य शुरू हो चुका है।शेष बचे खेल मैदाने का प्रारंभिक कार्य किया जा चुका है शेष कार्य इस सप्ताह प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी निमार्णाधीन खेल मैदान का निरीक्षण वे स्वयं करेंगे एवं निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री मन राम, डीआरडीए डायरेक्टर, डीपीओ मनरेगा के साथ प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम पदाधिकारी कनीय अभियंता एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

# घोषणाओं में बिस्फी विधानसभा की चर्चा करना भी मुख्यमंत्री ने मुनासिब नहीं समझा झ्र सांसद प्रतिनिधि

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. अबु बकर सिद्दीकी

■ घोषणाओं में बिस्फी विधानसभा की चर्चा करना भी मुख्यमंत्री ने मुनासिब नहीं समझा झ्र सांसद प्रतिनिधि

■ महान कवि कोकिल विद्यापति की जन्मस्थली बिस्फी की उपेक्षा पर सीएम को घेरा



बिहार में बेतहाशा लूट, हत्या बलात्कार की घटनाओं पर चुप्पी साधे सीएम नीतीश कुमार ने फिर एकबार महान कवि कोकिल विद्यापति की जन्मस्थली बिस्फी एवं जिले के सबसे बड़े प्रखंड बेनीपट्टी की घोर उपेक्षा किया हैं। यह बातें सांसद प्रतिनिधि सह राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने विज्ञप्ति जारी कर कही हैं। श्री यादव ने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान इन दोनों ऐतिहासिक विधासनभा की चर्चा भी करना सीएम ने मुनासिब नहीं समझा। जिससे आम आवामों में काफी रोष व्याप्त हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि आजादी के 70 सालों बाद भी महान कवि कोकिल विद्यापति की जन्मस्थली बिस्फी को उपेक्षित रखा गया हैं। आज भी यहां एक डिग्री कॉलेज की आधारशिला नहीं रखी गई। समाज के अंतिम पंक्तियों में रहने वालों की दुर्दशा दशकों बाद भी दयनीय हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि 17 महीने में 5 लाख नियमित नौकरी देने वाली तेजस्वी सरकार की दरकार बिहार के गरीब युवा छात्र नौजवानो को हैं। तेजस्वी यादव अगर सत्ता में आते हैं तो दवाई, कमाई ,पढाई व सिंचाई को प्राथमिकता में रखने का कार्य करेंगे।

# किसानों के लिए स्वर्ग है सहकारी बैंक: मिथलेश

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ



नावकोठी बेगूसराय प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पहसारा पश्चिम पैक्स का सहकारी बैंक बेगूसराय के मैनेजिंग डायरेक्टर मिथलेश कुमार एवं नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।ज्ञात हो कि जिले के सभी पैक्सों को सभी प्रकार का ऋण सहकारी बैंकों के माध्यम से मिलता है।इसमें किसान क्रेडिट कार्ड, संयुक्त डाटा समूह ऋण अधिप्राप्ति के लिए भी सरकारी बैंकों से ही ऋण मिलता है।जांच के दौरान उन्होंने केसीसी ऋण वसूली एवं एनपीए खाता को खत्म करने को कहा। मंझौल शाखा सहकारी बैंकों में सबसे ज्यादा करीब 650 किसानों को केसीसी ऋण दिया गया है जिसका 100% नवीकरण करना अनिवार्य है।ग्रामीणों एवं पैक्स अध्यक्षों को बताया कि सहकारी बैंक अपने कुल जमा का 55% केसीसी ऋण, 18% जेएलजी ऋण, 12% अधिप्राप्ति यानी कुल 85% किसान कल्याण पर खर्च करती है।जबकि राष्ट्रीय बैंक अपने जमा का कुल 3% ही किसानों के केसीसी या उनके कल्याण पर खर्च करती है। वित्तीय वर्ष 2017 में सहकारी बैंक बेगूसराय का जमावृद्धि 117 करोड़ था जो बढ़कर 2025 में 235 करोड़ हो गया है। बेगूसराय सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक किसानों के साथ-साथ सरकारी नौकरी एवं व्यवसाईयों को भी हर तरह की सुविधा देने के लिए तैयार है। हर सरकारी कर्मचारी एवं व्यवसाय अपना खाता सरकारी बैंक में अवश्य खुलवाएं। मौके पर पिक्स अध्यक्ष रणवीर कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर अंकित कुमार, अनिल झा शिक्षक एवं भोला पोद्दार आदि मौजूद थे।

# मेकअप आर्टिस्ट कंटेस्ट शो (सीजन 3) का फिनाले संपन्न



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. अबु बकर सिद्दीकी

पटना, मेकअप आर्टिस्ट कंटेस्ट शो सीजन 3 , का फिनाले तनिष्क बैंक्वेट हॉल बाजार समिति में संपन्न हो गया। मेकअप आर्टिस्ट कंटेस्ट शो सीजन 3 फिनाले में बतौर मुख्य अतिथि आईपीएस ऑफिसर विकास वैभव, पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू, उप महापौर रेशम चंद्रवंशी उपस्थित थे। अतिथि के तौर पर रिपु राज, प्रो. दिलीप कुमार ,दीपक तिवारी उपस्थित रहे। सभी आगंतुक अतिथियों की शो आयोजक कोमल कुमारी ने बुके, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शो में जज के तौर पर सुचित्रा सिंह, पायल वर्मा और रेशमी सिद्धिकी मौजूद रही । फिनाले में विजेता विकास (जय) शर्मा जहानबाद, फर्स्ट रनर अप विजया, सेकेंड रनर अप आफरीन और थर्ड रनर अप इश्निका बुधिया रही। सभी विजेताओं को सटिफिर्केट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजनबी आकाश और प्रिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फोटोग्राफी पार्टनर पंकज, रूद्रा एंड टीम, ज्वैलरी पार्टनर अंजुला जी (हाउसऑफ वेदिका) , ड्रेस पार्टनर अन्नू जी ( ब्राइडल जोन ) आयोजन टीम में शामिल हेमंत, ज्योति, सुरभि, निकिता, अनन्नया और शिव आदित्य ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। ग्रुमर अमन आयुष्मान रहे।

शो की आयोजक कोमल कुमारी ने बताया, मेकअप आर्टिस्ट कंटेस्ट शो प्रदेशभर के प्रतिभाशाली मेकअप आर्टिस्ट्स को एक मंच पर लाने और उन्हें अपने कला कौशल का प्रदर्शन करने का अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा। इस शो का उद्देश्य मेकअप आर्टिस्ट्स को अपनी कला, तकनीक और शैली को लोगों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर देना है, साथ ही उन्हें पेशेवर स्तर पर सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कंटेस्ट शो में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उद्योग के सर्वश्रेष्ठ मेकअप एक्सपर्ट्स, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट्स और ग्रूमिंग स्पेशलिस्ट्स द्वारा मार्गदर्शन मिलेगा।

# गोल्ड की क्रिकेट टीम ने ओल्ड की टीम को किया पराजित



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। दलसिंहसराय के स्थानीय आरबी कॉलेज के मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर गौरव स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा एक दिवसीय टी 20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच ओल्ड और गोल्ड क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर ओल्ड की टीम ने निर्धारित बीस ओवर में गोविंद के 41 रन की शानदार बल्लेबाजी के दौरान पूरी टीम 182 रनो का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। वही गोल्ड की तरफ से गेंदबाजी करते हुए राजा ने तीन व श्याम ने तीन विकेट अपनी टीम के लिए लिया। वही गोल्ड की टीम ने जवाब में बल्लेबाजी करते हुए ऋषिकेश ने 45 व मनीष के 25 रन और श्याम के नाबाद 37 रनो की बदौलत गोल्ड की टीम ने दो गेंद शेष रहते मैच को जीत लिया। श्याम के बेहतर प्रदर्शन के लिए श्याम को मैंन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच से पूर्व दोनों टीम के खिलाड़ीयो से अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया। वही गौरव स्पोर्ट्स के तरफ से अतिथियों का स्वागत चादर पाग से किया गया। मैच में अम्पायर की भूमिका उमेश राय ने निभाई। मौके पर अर्जुन राय, अरविंद साह, जितेंद्र राय, सुनील सुमन आदि मौजूद थे

# सीतामढ़ी में 16 जनवरी वर्ग 8 तक स्कूल बंद



वरिष्ठ संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
शकील हैदर

सीतामढ़ी , जिले में अत्यधिक ठंड और कम तापमान की स्थिति को देखते हुए डीएम रिची पांडे ने बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को लेकर आगामी 16 जनवरी तक कक्षा आठवीं तक के वर्ग संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। डीएम ने जारी आदेश में कहा है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों में आगामी 16 जनवरी तक पठन-पाठन स्थगित रहेगा। जबकि कक्षा नवमी से लेकर 12वीं तक के वर्ग का संचालन का समय सुबह 9 बजे से 3:30 बजे तक संचालित की जा सकेगी, वही बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

# मध्य विद्यालय अकहा ररिऔना में एक दिवसीय शिव चर्चा का आयोजन

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
साहिल अंसारी



नावकोठी बेगूसराय ' प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय कृत मध्य विद्यालय अकहा ररिऔना में शिव चर्चा का आयोजन किया गया।मुख्य वक्ता बबीता बहन ने शिव चर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि शिव जन-जन के गुरु हों। एक-एक व्यक्ति के दिलों में शिव को गुरु स्वरूप में जोड़ने का काम करें।खुद भी शिव से जुड़े और लोगों को भी जोड़ें।शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द एवं दीदी नीलम आनन्द के उद्देश्य के साथ गुरु भाई गुरु बहन कार्य करें।श्री हरीन्द्रानन्द जी की बातों व उनके उद्देश्यों पर खड़े होने की जरूरत है।उनके द्वारा जो तीन सूत्र प्रदत है ये तीन सूत्र शिव शिष्य होने में सहायक है। संसार का कोई भी व्यक्ति यह तीन सूत्र अपनाकर शिव का शिष्य बन सकता है।चाहे वह किसी जाति धर्म विशेष संप्रदाय के हो। शिव जगत के गुरु हैं इसलिए इनका शिष्य बनने में कोई शर्त नहीं है। कोई भी व्यक्ति शिव को अपना गुरु बना सकता है।पहला सूत्रः अपने गुरु शिव से मन ही मन यह कहे की, हे शिव आप मेरे गुरु हैं मैं आपका शिष्य हूं मुझ पर दया करें।दूसरा सूत्रः सबको सुनना और समझाना है कि शिव गुरु हैं ताकि दूसरे लोग भी शिव को अपना गुरु बना लें।तीसरा सूत्रः अपने गुरु शिव को मन ही प्रणाम करना है।वरेण्य गुरु भ्राता हरीन्द्रानन्द जी ने कहा कि शिव केवल नाम के नहीं काम के गुरु है। ईश्वर के रूप में उस शिव से हम अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कर सकते हैं तो उनके गुरु स्वरूप से जुड़कर शिव को अपना गुरु बनाकर ज्ञान भी प्राप्त किया जाय।किसी संपत्ति या संपदा का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है।आपके वेद पुराण शास्त्रों में शिव को औढरदानी, देवों के देव महादेव आदि गुरु जगतगुरु कहा गया है। हमारे साधुओं, शास्त्रों और मनीषियों द्वारा महेश्वर शिव को आदि गुरु, परम गुरु आदि विभिन्न उपाधियों से विभूषित किया गया है।इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों, बखरी, नावकोठी, गढ़पुरा, भगवानपुर, बलिया से, सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हुए।

# मकर संक्रांति 2025 के शुभ मुहूर्त :

## मकर संक्रांति के दिन की पूजा विधि और विशेष मुहूर्त

प्रतिवर्ष की तरह वर्ष 2025 में मकर संक्राति पर्व 14 जनवरी को मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह सूर्यभगवान और शनिदेव का त्योहार क्योंकि शनिदेव की की मकर राशि में सूर्यदेव का इस दिन गोचर होता है। और, इस दिन पर सूर्य दक्षिणायन पक्ष छोड़कर उत्तरायणपथ से निकलकर गमन करते हैं। इस दिन से दिन बड़े होने लगते हैं। इस दिन व्रत और दान यानी विशेष कर तिल के दान का काफी महत्व माना गया है। इस दिन पूजा करने के बाद जब तक गाय और गरीबों को दान नहीं दिया जाता, तब तक व्रत रखना चाहिए। इस दिन पूजा के बाद तिल-गुड़ की मिठाइयां बांटते हैं।

-सूर्य 14 जनवरी मंगलवार को सुबह 09:03 बजे मकर राशि में प्रवेश करेगा।

-मकर संक्रांति का पुण्य काल- सुबह 09:03 से शाम 05:46 तक।

-मकर संक्रांति का महा पुण्य काल- सुबह 09:03 से सुबह 10:48 तक।

### शुभ मुहूर्त

अमृत काल: प्रात: 07:55 से सुबह 09:29 बजे तक।

अभिजीत मुहूर्त: दोपहर 12:09 से दोपहर 12:51 तक।

विजय मुहूर्त: दोपहर 02:15 से दोपहर 02:57 तक।

गोधूलि मुहूर्त: शाम 05:43 से शाम 06:10 तक।

### मकर संक्रांति पूजा विधि

संक्रांति के दिन पुण्य काल में दान, स्नान व श्राद्ध करना शुभ माना जाता है।

इस दिन तीर्थों में या गंगा स्नान और दान करने से पुण्य प्राप्ति होती है।

मकर संक्रांति के दिन पावन नदियों में श्रद्धापूर्वक स्नान करें।

इसके बाद, पूजा-पाठ, दान और यज्ञ क्रियाओं को करें।

प्रात:नहा-धोकर भगवान शिव जी की पूजा तेल का दीपक जलाकर करें।

भोलेनाथ की प्रिय चीजों जैसे धतूरा, आक, बिल्व पत्र इत्यादि को अर्पित करें।

भविष्यपुराण के अनुसार सूर्य के उत्तरायन या दक्षिणायन के दिन संक्रांति व्रत करना चाहिए।

इस व्रत में संक्रांति के पहले दिन एक बार भोजन करना चाहिए।

संक्रांति के दिन तेल तथा तिल मिश्रित जल से स्नान करना चाहिए।

इसके बाद सूर्य देव की स्तुति करनी चाहिए। ऐसा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

संक्रांति के पुण्य अवसर पर अपने पितरों का ध्यान और उन्हें तर्पण अवश्य प्रदान करना चाहिए।

सूर्यदेव को अर्घ्य दें। आदित्य ह्रदय स्तोत्र का 108 बार पाठ करें।

मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त में सिद्ध सूर्य यंत्र को सूर्य मंत्र का जप करके पहनने से सूर्यदेव तरक्की की राह आसान बना देते हैं।

तिल युक्त खिचड़ी, रेवड़ी, लड्डू खाएं एवं दूसरों को भी खिलाएं।

ब्राह्मण को गुड़ व तिल का दान करें और खिचड़ी खिलाएं।

वेदों में वर्जित कार्य- जैसे दूसरों के बारे में गलत सोचना या बोलना, वृक्षों को काटना और इंद्रिय सुख प्राप्ति के कार्य इत्यादि कदापि नहीं करना चाहिए।

जरूरतमंद को कंबल, वस्त्र, छाते, जूते-चप्पल इत्यादि का दान करें।

### मकर संक्रांति मंत्र

मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव की निम्न मंत्रों से पूजा करनी चाहिए

- ॐ सूर्याय नम:, ॐ आदित्याय नम:, ॐ सप्तार्चिषे नम:।



**मूलत:** सूर्य उपासना का अति प्राचीन पर्व मकर संक्रांति प्रतिवर्ष 14 या 15 जनवरी को पूरे उल्लास के साथ सम्पूर्ण भारत सहित कई अन्य देशों में भी किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। इसी दिन से वसंत ऋतु की शुरूआत होती है खरीफ की फसलें कट चुकी होती हैं और खेतों में रबी की फसलें लहलहा रही होती हैं खेत में सरसों के फूल मनमोहक लगते हैं। इसीलिए यह पर्व सम्पूर्ण भारत में फसलों के आगमन की खुशी के रूप में भी मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर्व 14 अथवा 15 जनवरी को ही मनाए जाने के पीछे सूर्य की भूमिका का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इसी दिन सूर्य देवता इन्द्रधनुषी रंग से मेल खाते अपने सात घोड़ों वाले रथ पर सवार होकर मकर राशि में प्रवेश करते हुए अपनी उत्तर दिशा की यात्रा आरंभ करते हैं जो हमारे जीवन को उजाले से भरने तथा अंधकार से छुटकारे का प्रतीक है। मान्यता है कि इसी दिन सूर्य अपने पुत्र शनिदेव से नाराजगी भुलाकर उनके घर गए थे। कहा जाता है कि महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए मकर संक्रांति के ही दिन तर्पण किया था। मकर संक्रांति के दिन सूर्य की कक्षा में होने वाले परिवर्तन यानी सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आने को अंधकार से प्रकाश की ओर परिवर्तन माना जाता है। सूर्य प्राय: 14 या 15 जनवरी को ही मकर राशि में प्रवेश करता है इसीलिए उसी दिन मनाए जाने वाले पर्व को 'मकर संक्रांति' कहा जाता है।

यह हिन्दू पर्व भारत के अलग-अलग राज्यों में भी अलग-अलग तरीकों और नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे लोहड़ी खिचड़ी पर्व पतंगोत्सव इत्यादि नामों से जाना जाता है जबकि मध्य भारत में इसे संक्रांति कहा जाता है। दक्षिण भारत में यह त्यौहार 'पोंगल' उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति को उत्तरायण माघी खिचड़ी पौष संक्रांति भोगाली बिहू शिशुर सेंक्रांत आदि नामों से भी जाना जाता है। नेपाल में इसे माघे संक्रांति या माघी संक्रांति व खिचड़ी संक्रांति श्रीलंका में पोंगल या उझवर तिरूनल बांग्लादेश में पौष संक्रांति थाईलैंड में सोंगकरन म्यांमार में थिंयान कम्बोडिया में मोहा संगक्रान तथा लाओस में पि मा लाओ नाम से मनाया जाता है। कहा जाता है कि मकर संक्रांति से ही दिन तिल-तिल करके बढ़ता है अर्थात् इस दिन से दिन की अवधि रात के समय से अधिक होने लगती है यानी दिन लंबे होने लगते हैं जिससे खेतों में बोए हुए बीजों को अधिक रोशनी अधिक उष्मा और अधिक ऊर्जा मिलती है जिसका परिणाम अच्छी फसल के रूप में सामने आता है। इसलिए इस अवसर का खासतौर से किसानों के लिए तो बड़ा महत्व है।

मकर संक्रांति में 'मकर' शब्द जहां मकर राशि को इंगित करता है वहीं 'संक्रांति' शब्द का अर्थ है संक्रमण अर्थात प्रवेश करना। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। एक राशि को छोड़कर दूसरी राशि में प्रवेश करने की इस विस्थापन क्रिया को ही संक्रांति कहा जाता है। सूर्य हर माह एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है अर्थात् एक-एक करके वर्षभर में कुल 12 राशियों में प्रवेश करता है। सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है तो उसे 'संक्रांति' कहा जाता है।

# मकर संक्रांति: इसी दिन खुलता है स्वर्ग का द्वार!

पृथ्वी की गोलाकार आकृति और अक्ष पर भ्रमण की वजह से दिन और रात होते हैं। जब पृथ्वी का कोई भाग सूर्य के सामने आता है उस समय वहां दिन होता है जबकि पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सामने नहीं होता वहां रात होती है। यह पृथ्वी की दैनिक गति कहलाती है। पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा 12 महीने में पूरी करती है जिसे पृथ्वी की वार्षिक गति कहा जाता है। इस वार्षिक गति के आधार पर ही दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समय पर अलग-अलग ऋतुएं होती हैं।

हिन्दू शास्त्रों में मकर संक्रांति को पुण्यदायी पर्व माना गया है। इस दिन श्राद्धकर्म तथा तीर्थ स्नान करना फलदायी माना गया है। इस दिन लाखों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पवित्र स्नान करते हैं और तिल से बने पदार्थों का दान करते हैं। गंगासागर पर तो इस अवसर पर तीर्थस्नान के लिए लाखों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है जो इस पर्व की महत्ता को परिलक्षित करता है। मान्यता है कि इस दिन देशभर के किसी भी पवित्र तीर्थ संगम स्थल या गंगा अथवा यमुना के घाट पर स्नान करने से आध्यात्मिक शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक ऊर्जा मिलती है। कहा जाता है कि इसी दिन स्वर्ग का द्वार भी खुलता है और इस विशेष दिन को सुख-समृद्धि का दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान दान पूजा इत्यादि करने से पुण्य प्रभाव हजारों गुना बढ़ जाता है। मकर संक्रांति पर्व 'पतंग महोत्सव' के रूप में भी मनाया जाता है। दरअसल इस दिन लोग न केवल अपने घर की छतों पर या खुले मैदानों में पतंग उड़ाते हैं बल्कि देश के कई हिस्सों में पतंग उडाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। चूंकि कड़ाके की ठंड के इस मौसम में सूर्य का प्रकाश शरीर के लिए स्वास्थवर्द्धक स्फूर्तिदायक और त्वचा व हड्डियों के लिए अत्यधिक लाभदायक माना जाता है इसीलिए मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने के पीछे कुछ घंटे सूर्य के प्रकाश में बिताना मुख्य कारण माना जाता है।




# मकर संक्रांति के बारे में 25 पौराणिक तथ्य और सत्य

**सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के समय को मकर संक्रांति कहते हैं। यह ऋतु परिवर्तन, फसल कटाई और बुवाई, उत्तरायण का त्योहार है लेकिन इसके साथ ही इसके साथ कई पौराणिक तथ्य भी जुड़ें हैं साथ ही कई परंपराएं भी इसके साथ जुड़ी हुई है। जानिए इस संबंध में 25 खास जानकारी।**

1. हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण गति करने लगते हैं। हालांकि इस बात को लेकर मतभेद हैं।
2. इस दिन से देवताओं का छह माह का दिन आरंभ होता है, जो आषाढ़ मास तक रहता है।
3. इसी दिन सूर्य अपने पुत्र शनि के घर एक महीने के लिए जाते हैं, क्योंकि मकर राशि का स्वामी शनि है।
4. मकर संक्रांति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं।
5. इसी दिन महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया था इसलिए मकर संक्रांति पर गंगासागर में मेला लगता है। इसीलिए तभी से तर्पण प्रथा भी प्रचलित हुई।
6. इस दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत करके युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी। उन्होंने सभी असुरों के सिरों को मंदार पर्वत में दबा दिया था। इसलिए यह दिन बुराइयों और नकारात्मकता को खत्म करने का दिन भी माना जाता है।
7. महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने का ही इंतजार किया था। कारण कि उत्तरायण में देह छोड़ने वाली आत्माएं या तो कुछ काल के लिए देवलोक में चली जाती हैं या पुनर्जन्म के चक्र से उन्हें छुटकारा मिल जाता है।
8. सूर्य की सातवीं किरण भारत वर्ष में आध्यात्मिक उन्नति की प्रेरणा देने वाली है। सातवीं किरण का प्रभाव भारत वर्ष में गंगा-जमुना के मध्य अधिक समय तक रहता है। इस भौगोलिक स्थिति के कारण ही हरिद्वार और प्रयाग में माघ मेला अर्थात मकर संक्रांति या पूर्ण कुंभ तथा अर्द्धकुंभ के विशेष उत्सव का आयोजन होता है।
9. सूर्य संस्कृति में मकर संक्रांति का पर्व ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश, आद्यशक्ति और सूर्य की आराधना एवं उपासना का पावन व्रत है, जोतन-मन-आत्मा को शक्ति प्रदान करता है।
10. संत-महर्षियों के अनुसार इसके प्रभाव से प्राणी की आत्मा शुद्ध होती है। संकल्प शक्ति बढ़ती है। ज्ञान तंतु विकसित होते हैं। मकर संक्रांति इसी चेतना को विकसित करने वाला पर्व है। यह संपूर्ण भारत वर्ष में किसी न किसी रूप में आयोजित होता है।
11. विष्णु धर्मसूत्र में कहा गया है कि पितरों की आत्मा की शांति के लिए एवं स्व स्वास्थ्यवर्द्धन तथा सर्वकल्याण के लिए तिल के छः प्रयोग पुण्यदायक एवं फलदायक होते हैं- तिल जल से स्नान करना, तिल दान करना, तिल से बना भोजन, जल में तिल अर्पण, तिल से आहुति, तिल का उबटन लगाना।
12. सूर्य के उत्तरायण होने के बाद से देवों की ब्रह्म मुहूर्त उपासना का पुण्यकाल प्रारंभ हो जाता है। इस काल को ही परा-अपरा विद्या की प्राप्ति का काल कहा जाता है। इसे साधना का सिद्धिकाल भी कहा गया है। इस काल में देव प्रतिष्ठा, गृह निर्माण, यज्ञ कर्म आदि पुनीत कर्म किए जाते हैं। मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व से ही व्रत उपवास में रहकर योग्य पात्रों को दान देना चाहिए।
13. रामायण काल से भारतीय संस्कृति में दैनिक सूर्य पूजा का प्रचलन चला आ रहा है। मकर संक्रांति सूर्यपूजा का विशेष दिन है। राम कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा नित्य सूर्य पूजा का उल्लेख मिलता है।
14. प्रचलन से मकर संक्रांति के साथ तिल, गुड़, पतंग, गिल्ली डंडा खेलाना आदि कई परंपराएं जुड़ी चली गई।
15. मकर संक्रांति के दिन सूर्य को अर्घ्य देने का खास महत्व है।
16. मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदी में स्नान का भी महत्व है।
17. मकर संक्रांति के दिन दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।
18. मकर और कर्क संक्रांति को छोड़कर संक्रान्ति दिन या रात्रि दोनों में हो सकती है। दिन वाली संक्रान्ति पूरे दिन भर पुण्यकाल वाली होती है।
19. बारह संक्रांतियां 7 प्रकार की, 7 नामों वाली हैं, जो किसी सप्ताह के दिन या किसी विशिष्ट नक्षत्र के सम्मिलन के आधार पर मानी गई हैं। ये हैं- मन्दा, मन्दाकिनी, ध्वांक्षी, घोरा, महोदरी, राक्षसी एवं मिश्रिता।
20. नक्षत्र पर आधारित संक्रांतियां- ध्रुव, मृदु, क्षिप्र, उग्र, चर, क्रूर या मिश्रित कही गई है जिसका अलग अलग फल बताया जाता है।
21. कालांतार में संक्रांति का देवीकरण हो गया और वह साक्षात? दुर्गा कही जाने लगी। जैसे अब वो किसी न किसी वाहन, उप वाहन आदि पर सवार होकर आती है।
22. प्रत्येक संक्रंति के दान भी अलग अलग बताए गए हैं। मेष में भेड़, वृषभ में गायें, मिथुन में वस्त्र, भोजन एवं पेय पदार्थ, कर्क में घृतधेनु, सिंह में सोने के साथ वाहन, कन्या में वस्त्र एवं गौएं, नाना प्रकार के अन्न एवं बीज, तुला-वृश्चिक में वस्त्र एवं घर, धनु में वस्त्र एवं वाहन, मकर में ईंधन एवं अग्नि, कुम्भ में गौएं जल एवं घास, मीन में नए पुष्प दान किए जाने का उल्लेख मिलता है।
23. मकर संक्रांति के सम्मान में अब 3 दिनों या एक 1 दिन का उपवास भी रखा जाता है। जो व्यक्ति तीन दिनों का उपवास रखता है उसकी मनचाही इच्छा पूर्ण होती है। एक दिन का उपवास करने वाला पापों से मुक्ति हो जाता है।
24. मकर संक्रांति को हर प्रांत में अलग अलग रूप में मनाया जाता है। जैसे तमिलनाडु या संपूर्ण दक्षिण भारत में पोंगल के रूप में इसे मनाते हैं। पोंगल तमिल वर्ष का प्रथम दिवस है। असम में माघ बिहू के रूप में, पंजाब, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में लोहड़ी के रूप में और गुजरात में उत्तरायण के रूप में इसे मनाते हैं। सिंध में या सिन्धी समाज लाल लोही के रूप में मनाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी पर्व के रूप में इसे मनाते हैं। केरल में मकर ज्योति के रूप में मनाते हैं।
25. मकर रेखा दक्षिणी गोलार्द्ध में भूमध्य रेखा के समानांतर 23′ 23′ 22′ पर, पश्चिम से पूरब की और खींची गई काल्पनिक रेखा है। मकर रेखा के उत्तर में तथा कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित क्षेत्र उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र कहलाता है। 22 दिसम्बर को सूर्य जब मकर रेखा पर लम्बवत चमकता है तो उसके बाद वह उत्तरायण गति करने लगता है। मकर संक्रांति के दिन यह पूर्णत: उत्तरायण हो जाता है।

# लोहड़ी के त्योहार का धार्मिक और सामाजिक महत्व

**खुशहाली के आगमन का प्रतीक माने जाने वाले लोहड़ी का पर्व पंजाब में खासतौर पर पारम्परिक रीति-रिवाज के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी पर्व से जुड़ी एक बड़ी बात यह भी है कि मूल रूप से सिखों के इस त्योहार के दिन का निर्धारण हिंदू पंचांग/कैलेण्डर से होता है।**

### लोहड़ी पर झूम उठते हैं किसान

हर साल के जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में मनाया जाने वाला यह पर्व किसानों के लिए विशेष रूप से उत्साह लेकर आता है क्योंकि इस पर्व तक उनकी वह फसल पक कर तैयार हो चुकी होती है जिसको उन्होंने अपनी अथक मेहनत से बोया और सींचा था। इस दिन जब लोहड़ी जलाई जाती है तो उसकी पूजा गेहूं की नयी फसल की बालों से ही की जाती है। जाति बंधनों से मुक्त होकर यह पर्व समूचे उत्तर भारत खासकर पंजाब और हरियाणा में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। राजधानी दिल्ली में भी इस पर्व की धूम खूब रहती है। मकर संक्रांति से एक दिन पहले पड़ने वाले इस पर्व पर लोग मस्ती में रहते हैं तथा नाच गाकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं।

### इस बार लोहड़ी पर्व की वैसी छटा नहीं

पंजाब में तो इस पर्व पर अलाव जलाकर भांगड़ा नृत्य किया जाता है और मूंगफली, रेवड़ी तथा गजक का प्रसाद बांटा जाता है। इस दिन पंजाबी गायकों की काफी मांग रहती है और विभिन्न इलाकों में वह अपनी गायकी से लोगों को झूमने पर मजबूर कर देते हैं। हालांकि इस बार कोरोना संक्रमण के चलते लगे तमाम प्रतिबंधों की वजह से सामूहिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जा रहे हैं। लोग इस बार अपने परिवार के साथ ही लोहड़ी पर्व मना रहे हैं।



### लोहड़ी से जुड़ा धार्मिक महत्व

देखा जाये तो दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में जहां इस पर्व को मस्ती भरे अंदाज में मनाया जाता है वहीं पंजाब में इस पर्व का धार्मिक महत्व भी होता है। इस दिन सुबह से ही विभिन्न गुरुद्वारों में श्रद्धालु एकत्रित होना शुरू हो जाते हैं। इसके साथ ही इस दिन अंधेरा होते ही लोहड़ी जलाकर सात चक्कर लगाकर अग्नि पूजा करते हुए तिल, गुड़, चावल और भुने हुए मक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिलचौली कहा जाता है। आग में तिल डालते हुए, ईश्वर से धनधान्य से भरपूर होने का आशीर्वाद मांगा जाता है। ऐसा माना जाता है कि जिसके घर पर भी खुशियों का मौका आया, चाहे विवाह के रूप में हो या संतान के जन्म के रूप में, लोहड़ी उसके घर जलाई जाएगी और लोग वहीं एकत्र होंगे। इस अवसर पर लोग मूंगफली, तिल की गजक और रेवड़ियां आपस में बांटकर खुशियां मनाते है।

### पारम्परिक रीति-रिवाज




लोहड़ी पर्व से जुड़ी परम्परा के अनुसार, इस दिन पंजाब में बच्चे हुएं घर-घर जाकर लोकगीत गाकर लोहड़ी मांगती हैं और दुल्ला भट्टी के गीत गाती हैं। इस गीत के पीछे यह मान्यता है कि महराजा अकबर के शासन काल में दुल्ला भट्टी एक लुटेरा था लेकिन वह हिंदू लड़कियों को गुलाम के तौर पर बेचे जाने का विरोधी था। उन्हें बचा कर वह उनकी हिंदू लड़कों से शादी करा देता था। गीतों में उसके प्रति आभार व्यक्त किया जाता है।

### लोहड़ी से जुड़ी बड़ी बात

पंजाब में नई बहू और नवजात बच्चे के लिए लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इस दिन रेवड़ी और मूंगफली वितरण के साथ ही मक्के की रोटी और सरसों के साग का भोज भी आयोजित किया जाता है। पंजाब के गांवों में तो इस दिन इस तरह के दृश्य आम होते हैं कि परम्परागत वेशभूषा पहने सिख पुरुष और स्त्रियां ढोल की थाप पर लोकप्रिय भांगड़ा नृत्य कर खुशियां मनाते हैं। बच्चों को भी उनका साथ देते देखा जा सकता है। स्त्रियां तो इस अवसर पर अपनी हथेलियों और पांवों पर आकर्षित करने वाली आकृतियों वाली मेहंदी भी रचाती हैं।

# मुद्रास्फीति के आंकड़े, कंपनियों के तिमाही परिणाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

### - निवेशकों की नजर कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी रहेगी

**मुंबई ।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा कंपनियों के तिमाही नतीजों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। बाजार के विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजे आने वाले हैं। इसके अलावा निवेशकों की नजर कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी रहेगी। बीते सप्ताह अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने तथा अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई थी। बाजार के विश्लेषकों के मुताबिक भारतीय शेयर बाजारों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। निवेशक बड़ी कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी एएमसी, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और एक्सिस बैंक जैसे बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। स्थानीय बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच संघर्ष जारी है। बाजार के एक अन्य विश्लेषक ने कहा कि सोमवार को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे, जो बाजार के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े मंगलवार को जारी किए जाएंगे। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में तेज गिरावट कई कारणों से आई है। इसमें विदेशी कोषों की निकासी, कंपनियों के तीसरी तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजे, डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार गिरावट और अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ना जैसे कारक शामिल हैं।

# इस सप्ताह 5 नए आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे

### - मेनबोर्ड और 4 एसएमई आईपीओ शामिल

**नई दिल्ली ।**

आगामी हफ्ते शेयर बाजार में एक महामेला की तैयारी है, जिसमें अनेक बड़ी कंपनियों के आईपीओ और लिस्टिंग की घोषणा की गई है। 13 से 17 जनवरी के बीच 5 नए आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे, जिनमें मेनबोर्ड और 4 एसएमई आईपीओ शामिल हैं। इसके साथ ही 8 कंपनियों के शेयरों की भी लिस्टिंग होगी। मेनबोर्ड पर आ रहे हैं क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड, स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड और स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड। एकमात्र मेनबोर्ड आईपीओ, लक्ष्मी डेंटल आईपीओ के साथ एसएमई सेगमेंट में भी काबरा ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ होगा। इनके अलावा रिखव सिक्योरिटीज लिमिटेड और लैंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स लिमिटेड भी आईपीओ शुरू कर रहे हैं। इस उत्सव में इंडोबेल इंसुलेशन, एवैक्स अपैरल्स एंड ऑर्नामेंट्स, बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेल्टा ऑटोकॉर्प और सत करतार शॉपिंग भी शामिल हैं। आगामी सप्ताह शेयर बाजार में महामेला का आनंद उठाएं और निवेश करने के लिए तैयार रहें। यह महामेला नए निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत कर सकता है। इस पूरे महीने आईपीओ की सतर्कता बनी रहेगी और निवेशकों को सूचित रहने की




आवश्यकता है। हर कंपनी की विशेषता, इश्यू के विवरण और मार्केट डायनामिक्स पर ध्यान देना जरूरी है, ताकि स्मार्ट निवेश कर सकें। इस तरह के मौके बिना सही जानकारी के इस्तेमाल करने से नुकसान की संभावना हो सकती है।

# सोने के आभूषणों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ाः जीजेईपीसी

### - हीरे के निर्यात में 10 प्रतिशत की गिरावट

**कोलकाता ।**

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा कि वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में सोने के आभूषणों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि हीरे के निर्यात में 10 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इसमें अमेरिका को हीरे के निर्यात में सुधार की उम्मीद जताई गई है। चीन की सुस्त मांग की वजह से हीरे के निर्यात में चिंता बनी हुई है, लेकिन अमेरिका में त्योहार के दौरान मांग में वृद्धि की संकेत मिल रही है। जीजेईपीसी के अधिकारियों ने इस संदर्भ में उम्मीद जताते हुए कहा कि उनका मानना है कि अब बुरा समय निकल गया है और आगामी वर्षों में मद्देनजर 10-15 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। इसके साथ ही जीजेईपीसी ने वैश्विक जेनेरिक प्रोत्साहन पर भी 150 करोड़ रुपये का निवेश किया है। आभूषण उद्योग के विकास और अमेरिका की मांग में सुधार की



उम्मीद को ध्यान में रखते हुए जीजेईपीसी ने पश्चिम बंगाल के सिंगूर को एक वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने की योजना बताई है। यह योजना स्थानीय कारीगरी विरासत को बढ़ाने और कई रोजगार के अवसर प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। सिंगूर के विकास में हुगली जिले के सुव्यवे स्थित स्थान का भी अहम योगदान है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-2 और कोलकाता हवाई अड्डे के निकट है। इस विकास योजना से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिलने की उम्मीद है और स्थानीय उद्योगों को भी बढ़ावा प्राप्त होगा।

# सेबी डेरिवेटिव खंड में गतिविधि पर रोक नहीं लगाएगा

### - सेबी कारोबारी सुगमता और बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए करेगा कुछ उपाय




**मुंबई ।**

पूंजी बाजार नियामक सेबी के एक पूर्णकालिक सदस्य ने हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि सेबी डेरिवेटिव खंड में गतिविधि पर रोक नहीं लगाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सेबी कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाएगा जो डेरिवेटिव बाजार में कारोबार को नियंत्रित करे। उन्होंने बताया कि सेबी कारोबारी सुगमता और बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए कुछ उपायों पर विचार कर रहा है, परन्तु डेरिवेटिव खंड में कोई प्रतिबंध नहीं लगाने का इरादा है। उन्होंने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा नियंत्रित एनआईएसएम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेबी दर्शकों के लिए उपयुक्तता और अनुकूलता को ध्यान में रख रही है और नकद बाजार और डेरिवेटिव बाजार के बीच संबंध को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। इस बयान के साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सेबी किसी तरह के डेरिवेटिव खंड में गतिविधि को रोकने की स्थिति में नहीं है और उसे बरकरार रखने का निश्चित करेगी।

उन्होंने उन सभी का समर्थन किया जिन्होंने सेबी के विचारों की प्रशंसा की है और सहमति जताई है कि डेरिवेटिव बाजार में कोई प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने भविष्य में भी स्पष्ट किया कि डेरिवेटिव को लेकर किसी भी बदलाव को सावधानी से देखा जाएगा और उसे सभी पक्षों के सुझाव को ध्यान में रखकर ही लागू किया जाएगा।

सेबी के इस प्रकार के निर्णय से बाजार के साथी उत्थान और विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत मिला है। इस सावधानीबद्ध कदम के साथ सेबी ने स्वतंत्र कारोबार को बढ़ावा देने का संकेत दिया है और बाजार में निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने का प्रयास किया है।

# स्टॉक में आई गिरावट, महंगा हो जाएगा गेहूं

### चावल का भंडार रिकॉर्ड स्तर के पार



**नई दिल्ली ।**

भारत में चावल के बढ़ते भंडार ने जनवरी माह में सबसे ऊंचा स्तर छू लिया है जो देश के निर्यात की गति को तेज करने के लिए एक अवसर प्रदान कर सकता है। चावल के सरकारी भंडार में पहुंची मात्रा सरकार के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है, लेकिन इस समय गेहूं की कमी के चलते बाजार में चिंता की स्थिति है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अनुसार चावल के कुल स्टॉक जनवरी तक 60.9 मिलियन टन पहुंच गया है, जबकि निर्धारित लक्ष्य 7.6 मिलियन टन है। इस बढ़ते भंडार के साथ चावल के निर्यात में भी वृद्धि दर्शाई जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि चावल की इतनी बड़ी मात्रा का भंडार एक चुनौती पैदा कर सकता है, जबकि गेहूं की सीमित उपलब्धता बाजार में चिंता फैला रही है। गेहूं के स्टॉक 1 जनवरी तक 18.4 मिलियन टन था, जो कि सरकार के लक्ष्य से अधिक है, लेकिन पिछले साल की औसत से काफी कम है। सरकार की ओर से मार्च 2025 तक 2.5 मिलियन टन गेहूं की बेचने की योजना बनाई गई है, जो पिछले साल के मुकाबले कम है। इसके चलते बाजार में गेहूं की कमी महसूस हो रही है। काकीनाड़ा के एक चावल निर्यातक ने बताया कि धान की खरीदारी जारी रहने से भंडारण की समस्या और गंभीर हो सकती है और सरकार को इन चुनौतियों का सामना करना होगा। चावल के भंडार और गेहूं की कमी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती सामने खड़ी है। इस असंतुलन को देखते हुए सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे ताकि गेहूं की पुनः उपलब्धता में सुधार हो सके और बाजार को स्थिरता मिले।

## डी-मार्ट का दिसंबर तिमाही में मुनाफा बढ़कर 723.5 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली ।** खुदरा स्टोर श्रंखला डी-मार्ट को संचालित करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्केट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुनाफा 4.8 प्रतिशत बढ़कर 723.54 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 690.41 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 17.68 प्रतिशत बढ़कर 15,972.55 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,572.47 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि तीसरी तिमाही में मुनाफा मार्जिन 4.5 प्रतिशत रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5.1 प्रतिशत था। कंपनी का कुल खर्च अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 18.52 प्रतिशत बढ़कर 15,001.64 करोड़ रुपये रहा। एवेन्यू सुपरमार्ट्स की कुल आमदनी समीक्षाधीन अवधि में 17.57 प्रतिशत बढ़कर 15,996.69 करोड़ रुपये हो गई।




## एफपीआई ने जनवरी में अब तक शेयर बाजार से 22,194 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने भारतीय शेयर बाजारों से 22,194 करोड़ रुपये की निकासी की है। यह निकासी दिसंबर माह के 15,446 करोड़ रुपये के निवेश के बाद आई है। विदेशी निवेशकों का एफपीआई बिकवाली के पीछे कुछ कारकों का इसमें जिम्मेदार माना जा रहा है। कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने, डॉलर में मजबूती, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में शुल्क युद्ध तेज होने और साथ ही भारतीय बाजारों में असमंजस के कारण इस बिकवाली का मुख्य कारण भी माना जा रहा है। भारतीय रुपये के निचले स्तर अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और भारतीय शेयर बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण भी विदेशी निवेशकों ने अपना निवेश घटाया है। अनुसंचारित आंकड़ों के अनुसार इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 22,194 करोड़ रुपये निकाले हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी, 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल और अन्य कारकों के कारण निवेशक उभरते बाजारों से निकासी कर रहे हैं। बीते साल उन्होंने भारतीय शेयरों में सिर्फ 427 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं 2023 में उन्होंने 1.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था।

## ओपीजी मोबिलिटी की 400 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

### जुटाये गए धन का उपयोग कंपनी पोर्टफोलियो और नेटवर्क का विस्तार करने के लिए करेगी

**नई दिल्ली ।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग के साथ ईवी विनिर्माता ओपीजी मोबिलिटी ने अपनी वृद्धि योजनाओं को पूरा करने के लिए अगले 18 से 24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि यह धन उनके पोर्टफोलियो और नेटवर्क का विस्तार करने के लिए उपयोग किया जाएगा। ओपीजी मोबिलिटी की तरफ से एक बड़ा कदम उठाते हुए अे धिकारी ने बताया कि कंपनी फेराटो ब्रांड के तहत दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर और एक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी का तिपहिया कारोबार ओटीटीओपीजी ब्रांड के तहत रहेगा। इस साल ओपीजी मोबिलिटी ने इलेक्ट्रिक यात्री खंड में उतरने का निर्णय लिया है और कंपनी देशभर में अपने बिक्री और सेवा नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रही है। अधिकारी ने बताया कि ये निवेशकों के लिए कोई जोखिम नहीं होगा। पूंजी जुटाने को लेकर अे धिकारी ने कहा कि कंपनी 18-24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रख रही है। निवेशकों को एक मजबूत उत्पाद वितरण और सेवा नेटवर्क देना है। हमारा लक्ष्य निजी इक्विटी प्राप्त करना है, चाहे वह रणनीतिक निवेशक हो या गैर-रणनीतिक निवेशक। फिर हम आगे बढ़ेंगे और दीर्घावधि में सफल होंगे।

## इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ी कमजोरी संभावितः आईएमएफ

### - चीन में मुद्रास्फीति और मांग की चुनौतियों का सामना करना भी आईएमएफ के लिए हो सकता है मुश्किल

**मुंबई ।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने स्वीकार किया कि भले ही दुनियाभर में वैश्विक वृद्धि स्थिर रहेगी, लेकिन 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ी कमजोरी संभावित है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बनी रहेगी, खासकर अमेरिका की व्यापार नीति के चलते। जॉर्जीवा ने उम्मीद जताई है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में थोड़ी कमजोर रहेगी। उन्होंने बताया कि भारत के अलावा चीन में मुद्रास्फीति और मांग की चुनौतियों का सामना करना भी आईएमएफ के लिए मुश्किल हो सकता है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, कनाडा और मैक्सिको पर शुल्क लगाने की योजना की घोषणा का माध्यम उचित नहीं माना, कारण रखते हुए कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को और अधिक अनिश्चितता का सामना करना पड़ सकता है। जॉर्जीवा ने आगे कहा कि अमेरिका के नीतिगत कदम, खासकर शुल्क और कर वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण हैं और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं।

## आगामी बजट में बायोगैस उत्पादन पर कॉरपोरेट कर की छूट चाहता है आईबीए

### - निवेश को बढ़ावा मिलेगा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करेगा।




**नई दिल्ली ।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने वित्त मंत्रालय से आगामी बजट में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) उत्पादन के लिए पूरी तरह कॉरपोरेट कर की छूट देने की मांग की है। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करेगा। आईबीए ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिखकर इस मांग को मुख्य किया है। उद्योग निकाय ने कहा है कि सीबीजी उत्पादकों को पूर्ण कर राहत दी जानी चाहिए। आईबीए के अनुसार देश में कुल 100 सीबीजी संयंत्र चालू हैं और कुल सीबीजी की बिक्री लगभग 1,200 करोड़ रुपये तक पहुंची है। इसके बाद भी कर माफ करने के बाद सरकार को करीब 100 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। इस मामले में कर छूट से सीबीजी उत्पादकों को अपने उत्पादों को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बेचने में मदद मिलेगी। आईबीए ने बताया कि इस कदम से भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल कर सकेगा और निजी निवेश प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। इसके अलावा, बायोगैस के उत्पादन में कृषि अवशेषों का उपयोग बढ़ाएगा और प्रदूषण कम करने में मदद करेगा।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का मार्केट कैप 1.85 लाख करोड़ घटा

### - शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,85,952.31 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई है। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,844.2 अंक नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 573.25 अंक के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और शीर्ष 10 की सूची में हाल में शामिल हुई एचसीएल टेक्नोलॉजीज की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 70,479.23 करोड़ रुपये घटकर 12,67,440.61 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 46,481 करोड़ रुपये घटकर 5,56,583.44 करोड़ रुपये, एसबीआई की बाजार हैसियत 44,935.46 करोड़ रुपये घटकर 6,63,233.14 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 12,179.13 करोड़ रुपये घटकर 16,81,194.35 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 11,877.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,81,501.01 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के विपरीत टीसीएस की बाजार हैसियत 60,168.79 करोड़ रुपये बढ़कर 15,43,313.32 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इसके बाद शुक्रवार को कंपनी का शेयर छह प्रतिशत चढ़ गया।एचसीएल टेक का बाजार मूल्यांकन 13,120.58 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,539.01 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 11,792.44 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 8,16,626.78 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,999.41




करोड़ रुपये बढ़कर 9,19,933.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 8,564.26 करोड़ रुपये बढ़कर 5,73,758.44 करोड़ रुपये रही।सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एचसीएल टेक का स्थान रहा।

# शिकॉगो एक्सचेंज में मजबूती से तेल-तिलहन की कीमतें सुधार के साथ बंद

### - सरसों की मंडियों में आवक घट रही है जबकि सोयाबीन की मांग निरंतर बढ़ रही है

**नई दिल्ली ।**

शिकागो एक्सचेंज की मजबूती ने बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहनों के दामों में सुधार की ओर बढ़ावा किया। इस दौरान मूंगफली तेल को छोड़कर सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन, मूंगफली तिलहन और बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों के मुताबिक सरसों की मंडियों में आवक घट रही है जबकि सोयाबीन की मांग निरंतर बढ़ रही है। सरसों का जो स्टॉक है, वह सहकारी संस्थाओं के पास है जो इसकी बिकवाली में संतुलन बनाए रख रहे हैं। सोयाबीन और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दामों में भी सुधार दिखाई दिया। मूंगफली खल के भाव मामूली सुधार के साथ बंद हुए, जबकि मूंगफली तेल के दाम पर निर्यात की कमजोर मांग के कारण कोई विशेष बदलाव नहीं आया। विदेशों में पाम और पामोलीन की कीमतों में गिरावट होने के बावजूद, तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिला। कपास की सीड के दामों में भी थोड़ी उलटाव दिखाई दी, जिसे बीते हफ्ते सीसीआई ने बिनौला सीड की बिक्री रोककर दिखाया।


बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 125 रुपये सुधार के साथ 6,650-6,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 200 रुपये की बढ़त के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,340-2,440 रुपये और 2,340-2,465 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 35-35 रुपये की बढ़त के साथ क्रमशः 4,335-4,385 रुपये और 4,035-4,135 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 650 रुपये, 400 रुपये और 650 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 13,750 रुपये, 13,350 रुपये और 9,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार आया। मूंगफली तिलहन का भाव 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ 5,825-6,150 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 14,000 रुपये और 2,125-2,425 रुपये प्रति टिन पर अपरिवर्तित बंद हुए। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 100 रुपये सुधरकर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 200 रुपये की बढ़त के साथ 14,200 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 300 रुपये की तेजी के साथ 13,300 रुपये प्रति

## नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जी-क्लास ईक्यूजी 580 लॉन्च

**नई दिल्ली।**

भारत में मर्सिडीज-बेंज ने नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जी-क्लास ईक्यूजी 580 को लॉन्च किया है। यह कंपनी की लग्जरी इलेक्ट्रिक गाड़ियों के सेगमेंट में एक नई दिशा को चिह्नित करती है। इस अत्याधुनिक एसयूवी की एक्स-शोरूम कीमत 3 करोड़ रुपये है। इस वाहन में 116 केडब्ल्यूएच की बैटरी है, जो चार इलेक्ट्रिक मोटरों से जुड़ी हुई है और यह 587 पीएस की पावर और 1,164 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करती है। इस दमदार पावर के साथ, ईक्यूजी 580 महज 4.7 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की गति पकड़ सकती है। कंपनी का दावा है कि इसकी बैटरी फुल चार्ज होने पर 473 किमी तक की रेंज प्रदान करती है, जिससे यह लंबी दूरी की यात्रा के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाती है। इसके अलावा, इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को 32 मिनट में 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है, जो इसके फास्ट-चार्जिंग क्षमता को दर्शाता है। ईक्यूजी 580 में प्रीमियम सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखा गया है। भारत में इसे पेश किया गया है और इसे 2025 में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में भी दिखाया जाएगा। यह मर्सिडीज-बेंज के इलेक्ट्रिक वाहनों की नई दिशा और भारतीय बाजार में उनकी उपस्थिति को और मजबूत करेगा।

# महात्मा बुद्ध के विचारों को आचार में लाना भी जरूरी



तनवीर जाफ़री

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि हम उस देश के वासी हैं जिसने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिये हैं। वे अनेक बार बुद्ध की सत्य और अहिंसा की नीतियों का उल्लेख महत्वपूर्ण मंचों से करते रहे हैं। लगभग 3 माह पूर्व प्रधानमंत्री ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस को संबोधित करते हुए भी यही कहा था कि दुनिया युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में समाधान ढूंढ सकती है।**

हमारा देश भारत को देवी-देवताओं,संतों- ऋषियों व फकीरों की धरती कहा जाता है। हमारे देश में अलग अलग युग व काल में अनेकानेक देवी देवताओं , महापुरुषों , समाज सुधारक, युग प्रवर्तक व धर्म प्रवर्तकों ने जन्म लिया है। इन महापुरुषों द्वारा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हुये विश्व को मानवता का सन्देश दिया गया है। ऐसे ही एक महान तपस्वी त्यागी तथा सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुये पूरी मानवता को जीने की एक नई दिशा दिखाने वाले बौद्ध धर्म के प्रवर्तक भगवान गौतम बुद्ध का नाम भी सर्व प्रमुख है। बौद्ध धर्म कंबोडिया, म्यांमार, भूटान और श्रीलंका में राजकीय धर्म के रूप में अपना स्थान रखता है जबकि थाईलैंड और लाओस में बौद्ध धर्म को विशेष दर्जा हासिल है। चीन, हांगकांग, मकाऊ,जापान,सिंगापुर, ताइवान, वियतनाम,रूस व कलमीकिया में बौद्ध धर्म बहुसंख्य समाज द्वारा अपनाया जाता है जबकि उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, नेपाल और भारत में भी बौद्ध समुदाय की बड़ी आबादी रहती है। ईसा पूर्व 563 में नेपाल के लुम्बिनी में जन्मे महात्मा बुद्ध का पूरे विश्व में अपना प्रभाव छोड़ना और उनके अनुयाइयों का विश्वव्यापी विस्तार इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी है कि वे जनमानस पर अपनी असाधारण छाप छोड़ने वाले एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने पूरी इंसानियत को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने महत्वपूर्ण भाषणों में यहाँ तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ में अपने सम्बोधन में भी महात्मा बुध की शिक्षाओं का जिक्र करते रहे हैं। नवंबर 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि हम उस देश के वासी हैं जिसने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिये हैं। वे अनेक बार बुद्ध की सत्य और अहिंसा की नीतियों का उल्लेख महत्वपूर्ण मंचों से करते रहे हैं। लगभग 3 माह पूर्व प्रधानमंत्री ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस को संबोधित करते हुए भी यही कहा था कि दुनिया युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में समाधान ढूंढ सकती है। दुनिया को शांति के रास्ते पर चलने के लिए बुद्ध की शिक्षाओं से सीखना चाहिए। ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं बल्कि एक जरूरत भी हैं। इसी तरह पिछले दिनों एक बार फिर प्रधानमंत्री ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस-2025 का उद्घाटन करते हुए बुद्ध की शिक्षाओं को याद किया और कहा कि यह देश अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह बता पाने में सक्षम है कि भविष्य 'युद्ध' में नहीं, बल्कि 'बुद्ध' में निहित है।



सवाल यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दुनिया को युद्ध के बजाये 'बुद्ध' के शांति अहिंसा के विचारों पर चलने व उसे आत्मसात करने का बार बार जो उपदेश दिया जाता है स्वयं उनकी पार्टी के नेता उनके विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग क्या 'बुद्ध' की बताई गयी सत्य और अहिंसा की नीतियों का अनुसरण करते भी हैं या नहीं ? क्या हमारे देश में समय समय पर धर्म,समुदाय व जातियों के नाम पर होने वाली हिंसा और इसे भड़काने वाले नेताओं को बुद्ध की सत्य और अहिंसा की शिक्षा से प्रेरित कहा जा सकता है ? यह बुद्ध का ही तो कथन है कि भले ही चाहे कितनी अच्छी बातों को पढ़ लें या उन्हें सुन लें उसका तब तक फायदा नहीं है जबतक हम खुद उस पर अमल नहीं करते । और यह भी बुद्ध ने ही कहा है कि बुराई करने वालों को हमेशा अपने पास रखो क्योंकि वही तुम्हारी गलतियां तुम्हें बता सकते हैं । बुद्ध की इन शिक्षाओं के सन्दर्भ में बुराई करने वालों को तो छोड़िये सरकार की नीतियों की आलोचना करने वाले विपक्ष व मीडिया से सत्ता कैसे पेश आ रही है क्या यही बुद्ध की नीतियों का अनुसरण है ? मनमोहन सिंह जैसे काबिल व्यक्ति की खामोशी पर उन्हें मौन मोहन जैसे नाम दे दिये गये और अपनी लफ़्फ़ाजियों को ज्ञान वर्षा का मरतबा दिया जाता है। जबकि बुद्ध का कथन है कि -जो लोग ज्यादा बोलते हैं वे सीखने की कोशिश नहीं करते जबकि समझदार व्यक्ति हमेशा निडर और धैर्यशाली होता है जो समय आने पर ही बोलता है। यह भी बुद्ध का कथन है कि 'दूसरों की आलोचना करने से पहले, खुद की आलोचना करो'। परन्तु यहाँ तो गाँधी - नेहरू परिवार व खास समुदाय को कोसने से ही फुर्सत नहीं मिलती। साथ ही स्व महिमामंडन इतना कि स्वयं को अवतारी पुरुष बताने से भी नहीं चूकते ? ऐसे राजनेताओं को बुद्ध का यह कथन जरूर याद रखना चाहये कि -जो इर्ष्या और जलन की आग में तपते रहते है उन्हें कभी भी शांति और सच्चा सुख प्राप्त नहीं हो सकता है। और यह भी कि-आप तभी खुश रह सकते है जब बीत गयी बातों को भुला देते है। परन्तु यहाँ तो गड़े मुर्दे उखाड़ कर ही अपनी राजनीति के परचम लहराये जा रहे हैं ?

इसी तरह म्यांमार के कट्टरपंथी बौद्ध भिक्षु अशीन विराथु को उनके कट्टरपंथी भाषणों व उनके हिंसक तेवरों की वजह से जाना जाता है। स्वयं को महात्मा बुद्ध का अनुयायी ही नहीं बल्कि बौद्ध भिक्षु बताने वाला यह शख़्स केवल आग ही उगलता रहता है। भारत की बहुसंख्यवादी राजनीति की तर्ज पर यह भी अपने भाषणों के द्वारा बौद्ध समुदाय की भावना को यह कहकर भड़काने का काम करता है कि मुस्लिम अल्पसंख्यक एक दिन देश भर में फैल जाएंगे। इसी कथित बौद्ध भिक्षु को लेकर टाइम मैगजीन ने अपने 1 जुलाई, 2013 के अंक में मुख्य पृष्ठ पर उसकी फोटो दि फेस ऑफ बुद्धिस्ट टेरर या बौद्ध आतंक का चेहरा जैसे शीर्षक के साथ प्रकाशित की थी? स्वयं को बौद्ध भिक्षु बताने वाले इसी आतंकी अशीन विराथु ने म्यांमार में संयुक्त राष्ट्र की विशेष प्रतिनिधि यांगी ली को कुतिया और वेश्या कहकर सम्बोधित किया था। इस व्यक्ति पर अपने भाषणों के माध्यम से म्यांमार में लोगों को सताने की साजिश रचने व उनकी सामूहिक हत्या कराने का आरोप लगाया गया है। इस के उपदेशों में वैमनस्यता की बात होती है और इसका निशाना मुस्लिम खासकर रोहंग्या समुदाय ही होता है। हालांकि बर्मा के अनेक बौद्ध भिक्षु ऐसे भी हैं जो उसके वैमनस्य पूर्ण बयानों से नाखुश हैं। ऐसे भिक्षु साफतौर से यह कहते हैं कि उन्हें यह सब बहुत खराब लगता है। इस तरह के शब्दों का प्रयोग किसी बौद्ध भिक्षु को नहीं करना चाहिए। इसी तरह पिछले दिनों श्रीलंका में कट्टरपंथी बौद्ध भिक्षु गालागोडाटे ज्ञान सारा को इस्लाम धर्म का अपमान करने और धार्मिक नफरत फैलाने के आरोप में नौ महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 2018 में भी ज्ञान सारा को एक आपराधिक मामले में छह साल की सजा सुनाई गई थी। दरअसल महात्मा बुद्ध के विचारों की बात करना ही पर्याप्त नहीं बल्कि इन्हें अपने आचार व व्यवहार में लाना भी उतना ही जरूरी है।

## संपादकीय

### संबंधों में कसैलापन

बांग्लादेश में शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। ताजा मसला सीमा पर तारबंदी को लेकर उपजा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को जिस वजह से तलब किया, वह इस छोटे से मुल्क की भारत के प्रति कटुता को जाहिर करने के लिए काफी है। आरोप लगाया गया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश हमेशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई का विरोधी रहा है। हमेशा से सीमा पर बीएसएफ की बीजीबी (बार्डर गार्ड. बांग्लादेश) से भिड़ंत होती रही है। कई बार बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत घुसने की कोशिश करते हैं। स्वाभाविक है, बीएसएफ उन लोगों को रोकने की कोशिश करती है और न मानने पर उन्हें मार गिराती है। बांग्लादेश के हुक्मरान को इसी बात से चिढ़रूहै। वैसे भी मोहम्मद युनूस के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह पड़ोसी देश भारत के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए है, वह वाकई बहुत कुछ सोचने पर विवश करती है। शेख हसीना सरकार के हटने के बाद से जिस तरह वहां हिन्दू समुदाय के साथ लोमहर्षक घटना को अंजाम दिया गया, वह तथ्य की पुष्टि करने के लिए काफी है कि अब बांग्लादेश किसी और देश द्वारा निर्देशित हो रहा है। वहां वर्षों से रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अब तक का सबसे बुरा व्यवहार हुआ है। कई लोग मारे गए, कइयों से लूटपाट की गई और सबकुछ छीन लिया गया। यह सब कुकर्म उस देश में और उस समुदाय के साथ किया गया जिसने इस देश को बनाने के लिए हर तरह की कुर्बानियां दीं। इस बात में शक नहीं कि पाकिस्तान और चीन के बाद बांग्लादेश ही ऐसा पड़ोसी है, जिसने भारत को चोट पहुंचाई। लिहाजा, भारत को अब नये सिरे से इस बारे में मंथन करने की दरकार है। भारत जानता है कि सीमा पर गड़ब़ड़ी को नजरअंदाज करना उसके लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसलिए उस मोर्चे पर सख्ती जरूरी है। बांग्लादेश छोटी सी बात का बतंगड़. बनाकर माहौल को खराब करने की साजिश में जुटा है। भारत भी इस बात को समझता है। इसलिए वह भी फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ख रहा है। बहरहाल, ज्यादा नरमी से पेश आने के कारण ही बांग्लादेश का निजाम बदमिजाजी पर आतुर है। चुनांचे, भारत को अपने हित के लिए अंगुली टेढ़ी करनी चाहिए।



## चिंतन-मनन

### चमत्कारों ने किया है अहित

जो कुछ सुना जाता है, उस पर विश्वास न हो तो सुनने का विशेष अर्थ नहीं हो सकता. गहरे विश्वास के साथ सुनी हुई बात ही दिल को छू सकती है. विश्वास के साथ आवश्यक तत्व है आचरण. तत्व को सुन लिया, उस पर विश्वास भी कर लिया, पर आचरण नहीं किया तो कोई परिणाम नहीं आ सकेगा. भोजन सामने पड़ा है. मन में दृढ़ विश्वास है कि भोजन करने से भूख समाप्त हो जाएगी, पर जब तक भोजन नहीं किया जाता है, भूख कैसे मिटेगी. धर्म भी जब तक व्यक्ति के आचरण का विषय नहीं बनता है, उससे जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आ सकता। श्रुति, श्रद्धा और आचरण तीनों हों, फिर भी धर्म का असर न हो, यह हो ही नहीं सकता।

श्रुति और श्रद्धा के साथ सम्यक आचरण हो जाए तो धर्म के प्रभाव की निश्चित गारंटी दी जा सकती है। स्थिति आज इससे भिन्न है। लोगों का विश्वास धर्म पर नहीं, चमत्कार पर है। संतों के दर्शन करें, उनसे मंगल पाठ सुने, इससे संतति-लाभ हो जाए, व्यापार में लाभ हो जाए, वर्षों से उलझा हुआ काम सुलझ जाए तो संत अच्छे हैं, अन्यथा उनके पास जाने की इच्छा नहीं होती। ऐसे चमत्कारों में मेरा कतई विश्वास नहीं है। इन चमत्कारों ने धर्म और अध्यात्म का जितना अहित किया है, शायद ही किसी ने किया हो। चमत्कारों में ही अपनी साधना की सफलता समझने वाला साधक साधना के योग्य हो ही नहीं सकता। चमत्कार में मेरा विश्वास नहीं है, इसलिए मैं आपको कोई दिव्य विभूति देने का दावा नहीं करता। मैं अति कल्पना भी नहीं करता कि हर मनुष्य में देवत्व जग जाए।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह : देश में सड़क हादसे एक अभिशाप जिम्मेवार कौन?



नरेन्द्र भारती

बेशक प्रतिवर्ष की तरह 11 जनवरी 2025 से 17 जनवरी 2025 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है ऐसे आयोजनों पर करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है सेमिनार लगाए जा रहे हैं और कार्यक्रम किये जा रहे हैं ' यातायात के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है लेकिन सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं ' सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं ' मानव जीवन अनमोल है। देश के नागरिको को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए ताकि सड़क हादसों पर रोक लग सके। सड़क सुरक्षा के ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो इन हादसो पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है। हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। प्रतिवर्ष डेढ लाख लोग सड़क हादसों में मारे जाते है। नववर्ष 2025 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहें है। देश में हर रोज इतने भीषण हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं। कोहरे के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है प्रतिदिन लोग मारे जा रहे है। यातायात के नियमों का पालन न करने पर ही इन हादसों में निरंतर वृद्धि हो रही है। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे है। लापरवाही से सड़कें रक्तरंजित हो रही है। चिराग बूझ रहें हैं। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। आज युवा लापरवाही के कारण जान गंवा रहे है। युवा देश के कर्णधार है जो देश का भविष्य है। प्रतिवर्ष लाखों युवा हादसों में बेमौत मारे जा रहे है। इकलौते चिराग अस्त हो रहे है। कोखें उजड़ रही है। माताओं व बहनों का सिंदूर मिट रहर हैं। बच्चे अनाथ हो रहे है। युवाओं को जागरुक करना होगा क्योकि युवा ही विकराल हो रही सड़क हादसों की समस्या को रोक सकते है। लॉकडाउन में सड़क हादसों पर लगाम लग गई थी। सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लाखों रुपया बहाया जाता है मगर फिर भी सुधार नहीं होता। जब तक लोग यातायात के नियमों का उल्लधन करते रहेंगे तब तक इन हादसों में लोग बेंमौत मरतें रहेंगें। देश में जब 22 मार्च 2020 को जब लॉकडाउन लगा था तब हादसे पूरी तरह रुक गए थे। लॉकडाउन के खुलते ही सड़क हादसों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई। कोरोना महामारी में हादसे कम हो गए थे। लॉकडाउन में जगली जानवर सड़को पर विचरण करते थे। परिवहन पूरी तरह बंद था। प्रदूषण भी शून्य हो गया था। साल 2020 के अप्रैल व मई माह में यातायात के साधन बंद हो गए थे। जून माह में ज्यों ही लॉकडाउन खुल गया था तो फिर से करोडों वाहन सड़को पर दौड़ पड़े। जनवरी 2025 से ही सड़क हादसों की रफतार बढ़ती जा रही है । साल 2024 में भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरी साल अनवरत चलता रहा था और लोग लाखो लोग हादसों का शिकार होते रहे थे। देश के सैंकडों सैनिक भी सड़क हादसों में शहीद हो गए थे। हजारों लोग बेमौत मारे जा रहे है। प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपंग हो गए जो ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेगें। देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। प्रतिदिन देश की सडकें रक्तरजित हो रही है नौजवानों से लेकर बुजुर्ग काल का ग्रास बन रहे हैं। आंकडें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर हैं। शराब पीकर बाहन चलाना तथा चलते वाहनों में मोबाइल का प्रयोग ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखों लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए। 2025 में भी सडक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तथा प्रतिदिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढता ही जा रहा है इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते है। लापरवाही के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी। जागरुकता अभियान चलाने होगें। देश की सड़को पर लाशों के चिथड़े बिखर रहे हैं। पंजाब, दिल्ली व उतरप्रदेश व हिमाचल प्रदेश में धूंध के कारण दर्जनों हादसों में सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। मगर राज्यों की सरकारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी। जागरुकता अभियान चलाने होगें। सरकारों को लोगों को यातयात नियमों से संबधित शिविरों का आयोजन करना चाहिए। आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है क्योकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता। पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे है मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनो को हवा में चलाते है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसैस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं भले ही पुलिस यन्त्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं। बढती सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण है सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं। लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफतार में वाहन चलाते हैं। देश में सड़क हादसों में स्कूली बच्चों के मारे जाने के हादसे भी समय-समय पर होते रहते हैं मगर कुछ दिन चैक रखा जाता है फिर वही परिपाटी चलती रहती है। जबकि होना तो यह चाहिए कि इन लापरवाह चालको को सजा देनी चाहिए ताकि मासूम बेमोत न मारे जा सके। अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों के पास प्राथमिक चिकित्सा बाकस तक नहीं होतें ताकि आपातकालिन स्थिती में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा सके । प्रत्येक साल नवरात्रों में श्रध्दालू मंदिरों में ट्रको में जाते है और गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है तथा मारे जाते हैं। ओबरलोडिग से भी ज्यादातर हादसे होते हैं। सरकार को इन हादसों से सबक लेना चाहिए और व्यवस्था की खामियों को दूर करना चाहिए। सरकारों को अपना दायित्व निभाना चाहिए ताकि सड़क दादसों पर पूरी तरह रोक लग सके। सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। बेलगाम हो रहे यातायात पर लगाम लगाना सरकार व प्रशासन का कर्तव्य है लोगों को भी इसमें सहयोग करना होगा तभी इस समस्या का स्थायी हल हो सकता है यदि लोग सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करते है तो सड़को पर हो रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता हैकेन्द्र सरकार को इस पर गौर करना होगा तथा देश में बढ रही सड़क दुर्घटनाओ पर रोक के लिए कारगर कदम उठाने होगें नही तो देश के प्रत्येक महानगरों व शहरों से लेकर गांवों तक हर रोज लाशें बिछती रहेगी लोग मरते रहेंगें। दुर्घटनाओं का कहर बरपता रहेगा। यदि सरकारे ऐसे ही सोती रहेगी तो देश की सड़के खून से लाल होती रहेगी। मावन जीवन को बचाना होगा क्योकि मानव जीवन दुर्लभ है। तभी सड़क सुरक्षा सप्ताह की सार्थकता होगी।



# उपलब्धि: सशक्त होगी हमारी 'ब्लू वाटर नेवी'



डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र

हिन्द महासागर में चालाक चीन की चुनौती का जवाब देने और शक्तिशाली 'ब्लू वाटर नेवी' बनने की दिशा में भारतीय नौसेना न केवल आत्मनिर्भरता के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, बल्कि जलयानों की संख्या में भारी वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यही कारण कि आज (15 जनवरी) को अग्रिम पंक्ति के दो अत्याधुनिक युद्धपोत नीलगिरि और सूरत के साथ ही वाग्शीर नामक एक सशक्त पनडुब्बी नौ सेना के बाड़े में शामिल हो रही है। भारतीय नौ सेना के इतिहास में पहली बार एक साथ दो युद्धपोत एवं एक पनडुब्बी को साथ शामिल किया जा रहा है। उनके शामिल हो जाने से भारतीय नौ सेना की परिचालन क्षमता एवं युद्ध तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

नीलगिरि प्रोजेक्ट, 17 ए. स्टील्थ फ्रिगेट का पहला युद्धक जलयान है जो, सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी 1 प्रोजेक्ट 17 स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जलयान है, जो सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। नीलगिरि एम डी एल, मुम्बई और जीआरएस ई, कोलकाता द्वारा निमार्णाधीन सात पी 17 ए फ्रिगेट्स में पहला है। ये बहुउद्देशीय युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारम्परिक तथा गैरपारम्परिक दोनों प्रकार के संकट से निपटने के लिए 'गहरे समुद्री' वातावरण में कार्य करने में सक्षम है। नवीनतम तकनीकी से युक्त इन जलयानों का निर्माण भी 'एकीकृत निर्माण' दर्शन का उपयोग करके किया गया है। यह जलयान संयुक्त रूप से डीजल या गैस (सीओडीओजी) मेन प्रोपल्शन द्वारा संचालित होता है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी उन्नत तोप और तीव्रगति प्रहारक नजदीकी हथियार प्रणालियों से सुसज्जित है। आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्र निर्माण को विशेष रूप से दृष्टि में रखते हुए इस जलयान में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। नीलगिरि के निर्माण कार्य की आधारशिला 28 दिसम्बर 2017 को रखी गई और निर्मित इस पोत को पहली बार 28 सितम्बर 2019 को समुद्र में उतारा गया। यह जलपोत 24 अगस्त को अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया और तब से बंदरगाह व समुद्र में इसके व्यापक परीक्षण किए गए हैं। अब इसे भारतीय नौ सेना को सौंप दिया गया है स्टील्थ तकनीक युक्त यह जलपोत कई प्रकार के हेलीकॉप्टर संचालित करने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक हथियार और सेंसरयुक्त है। 'सूरत जलपोत गाइडेड मिसाइल युक्त विध्वंसक जंगी जलपोत भी भारतीय नौ सेना को मिलने जा रहा है। विशाखापट्टनम क्लास मिसाइल विध्वंसक जलयान के नौ सेना में शामिल होने से भारत की समुद्री शक्ति और अधिक बढ़ जाएगी, क्योंकि इसके साथ बराक और ब्रहमोस मिसाइलें लगी हुई हैं। सूरत प्रोजेक्ट 15 की स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम जलपोत है, जो विगत तीन वर्षों में शामिल किए गए अपने पूर्ववर्ती भारतीय नौ सेना के जलयानों विशाखापट्टनम, मोरमुगाओ तथा इम्फाल के बाद आया है। यार्ड 12707 सूरत को भारतीय नौ सेना को सौंपा जाना, उस प्रतिष्ठित स्वदेशी विध्वसंक निर्माण परियोजना का समाधन है, जो प्रोजेक्ट 15 (तीन दिल्ली श्रेणी) के साथ शुरू हुई थी। यह 7400 टन भार विस्थापित करने वाला तथा 164 मीटर लम्बा व एक निर्देशित मिसाइल युक्त विध्वसंक श्रेणी का जलपोत है। नौ सेना के विवसंक पोत 'सूरत' में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जलयान रोधी मिसाइलों तथा तारपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों व सेंसरों से सुसज्जित है।

यह स्वदेशी रूप से विकसित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समाधान का उपयोग करने वाला भारतीय नौ सेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत होगा। यह जलपोत समुद्र के भीतर युद्ध करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित पनडुब्बी रोधी हथियारों और सेंसर से लैस है। वाग्शीर कलवरी क्लास प्रोजेक्ट-75 के अंतर्गत छठी स्कार्पीन क्लास पनडुब्बी दुनिया की सबसे शांत एवं बहुमुखी डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है। इसे एंटी सरफेस वारफेयर, एंटी सबमरीन वारफेयर, खुफिया जानकारी जुटाने, क्षेत्र की निगरानी और विशेष अभियानों सहित अनेक तरह के मिशन को अंजाम देने के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। भारत की ब्लू वाटर नौसेना समुद्री मोचक्र पर शांति स्थापित करने में अपना अनवरत सक्रिय सहयोग देती रही है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए भारतीय नौसेना को निरंतर सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। स्वदेशीकरण और नवाचार के प्रति भारतीय नौसेना का दृष्टिकोण सकारात्मक सिद्ध हो रहा है। युद्धक पोत 'नीलगिरि', विध्वसंक पोत 'सूरत' और 'पनडुब्बी वाग्शीर' का संयुक्त कमीशन रक्षा आत्मनिर्भरता और स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति का ही प्रतीक है। हिन्द महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक भारतीय नौसेना का तेजी के साथ नवीनीकरण हो रहा है।



स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ 09 पटना झ 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ऑस्कर 2025 के दावेदारों में कंगुवा ने बनाई जगह, 323 फिल्मों को दिया टकराव



**दक्षिण** भारतीय स्टार सूर्या और 'एनिमल' फेम बॉबी देओल स्टारर 'कंगुवा' पिछले साल रिलीज हुई थी। इस फिल्म के सिनेमाघरों में पहुंचने से पहले दर्शकों में जबरदस्त क्रेज था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। फिल्म को लाउड साउंड स्कोर और दूसरे एक्टर्स के कम स्क्रीन टाइम के चलते यूजर्स ने सोशल मीडिया पर काफी ट्रॉल किया। हालांकि अब 'कंगुवा' को लेकर एक बहुत अच्छी खबर आ रही है।

सिरुथाई शिवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 'कंगुवा' ने लगभग 323 ग्लोबल फिल्मों को टक्कर देते हुए ऑस्कर 2025 के दावेदारों की लिस्ट में जगह बना ली है। फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयबालन ने एक्स (ट्विटर) पर यह खबर शेयर की है।

उनके ट्वीट में दावेदारों की सूची और सूर्या के पोस्टर के साथ लिखा गया है, ब्रेकिंग कंगुवा ने ऑस्कर 2025 में एंट्री की। जैसे ही यह खबर सामने आई इंटरनेट पर वायरल हो गई। फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।



# क्यों विवादों में आई नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री ?


**अभिनेत्री** नयनतारा की नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल जब से रिलीज हुई है, तब से चर्चा में है। और चर्चा हो रही है इसके कानूनी मुसीबतों में घिरे रहने को लेकर। दरअसल, अपनी रिलीज से दो दिन पहले खुद नयनतारा ने यह खुलासा किया कि धनुष ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। धनुष और नयनतारा आमने-सामने आए और दोनों के बीच कॉपीराइट विवाद खूब उछला। अब कहा जा रहा है कि फिल्म चंद्रमुखी के निर्माताओं ने भी अभिनेत्री को कानूनी नोटिस भेजा है। आखिर क्या है पूरा मामला?

**कैसे हुई विवाद की शुरुआत?**

डॉक्यूमेंट्री नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल 18 नवंबर 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। रिलीज से पहले ही यह कानूनी लड़ाई को लेकर चर्चा में आ गई। दरअसल, इसकी रिलीज से पहले धनुष ने नयनतारा को कानूनी नोटिस भेजा था। धनुष ने आरोप लगाया कि उनकी फिल्म'नयनम राउडी धान' का बीटीएस क्लिप नयनतारा ने बिना इजाजत अपनी डॉक्यूमेंट्री में इस्तेमाल कर लिया। इसके बाद नयनतारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर धनुष के खिलाफ निंदा पोस्ट साझा किया। देखते-देखते दोनों के बीच कानूनी लड़ाई छिड़ गई।

**नयनतारा ने सोशल मीडिया पर लिखा पोस्ट और किया ये दावा**

अभिनेत्री नयनतारा ने 16 नवंबर को यानी अपनी नेटफ्लिक्स फिल्म की रिलीज से दो दिन पहले धनुष द्वारा उनकी डॉक्यूमेंट्री में बीटीएस क्लिप के इस्तेमाल को लेकर कानूनी नोटिस भेजे जाने के बाद एक निंदा पत्र लिखा। उन्होंने दावा किया कि वे और उनके पति विग्नेश 'नयनम राउडी धान' का कंटेंट डॉक्यूमेंट्री में इस्तेमाल करने के लिए धनुष से इजाजत मांगने गए थे, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।



# बेबी जॉन हुई फ्लॉप तो वरुण धवन के सपोर्ट में उतरे राजपाल यादव

वरुण धवन का करियर पिछले कुछ सालों से डांवाडोल ही चल रहा है। एक हिट की तलाश में अभिनेता ने पिछले साल क्रिसमस के मौके पर एक बड़ा दांव खेला और बेबी जॉन के साथ अपने करियर को संजीवनी देने की कोशिश की।

हालांकि, वरुण का यह प्रयास भी असफल ही रहा है। अब हाल ही में, अभिनेता राजपाल यादव ने बताया है कि बेबी जॉन के खराब प्रदर्शन ने वरुण धवन को कैसे प्रभावित किया।

**वरुण के अभिनय के मुरीद हुए अभिनेताः** राजपाल यादव ने हाल ही में बॉलीवुड बबल के साथ एक साक्षात्कार में वरुण धवन और एटली के बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस पर खुलकर बात की है। अभिनेता ने कहा, वरुण सच में एक मेहनती इंसान हैं। उन्होंने हमेशा इंडस्ट्री में टाइप कास्टिंग से बचने की कोशिश की है। इसलिए उन्होंने हमेशा अलग-अलग भूमिकाओं की फिल्में की हैं। यही नहीं, उनके अभिनय की दर्शक भी काफी प्रशंसा करते हैं। मुझे लगता है कि वह एक अच्छे अभिनेता हैं, जो चैलेंजिंग रोल्स करना पसंद करते हैं।

**शाहरुख खान से की वरुण की तुलनाः** शाहरुख से वरुण की तुलना करते हुए राजपाल यादव ने कहा, मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में जैसे शाहरुख खान की जर्नी रही है। वैसी ही वरुण धवन की भी रही है।

दोनों ने चैलेंजिंग रोल्स को काफी आराम से किया है। दोनों ने ही अलग-अलग भूमिकाओं के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। दोनों का करियर भी समान है और मुझे लगता है कि वरुण जल्द ही फिर से उभरेंगे और स्क्रीन पर दमदार वापसी करेंगे।

**बॉलीवुड में है बदलाव की जरूरतः** इससे पहले वरुण धवन ने भी रणवीर इलाहाबादी के साथ एक साक्षात्कार में कहा था कि बॉलीवुड में अब बदलाव की जरूरत है।

यही नहीं, उन्होंने सलमान खान और शाहरुख खान जैसे सितारों की भी तारीफ की और कहा कि वे जमीन से जुड़े हैं और उन्हें पता है कि इंडस्ट्री में क्या बदलाव हो रहे हैं। यही नहीं, वरुण ने यह भी बताया कि अब नए लोगों के लिए बॉलीवुड काफी चैलेंजिंग हो गया है।

## इन सितारों से सजी है फिल्मः

बात करें बेबी जॉन की तो यह फिल्म वरुण के करियर में बड़ी फ्लॉप साबित हुई है। फिल्म अपने बजट जितना भी नहीं कमा सकी है। फिल्म में वरुण के अलावा कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी मुख्य भूमिका में हैं।

**रेस की तैयारी के दौरान हुआ हादसा**

# अजित कुमार का दुबई में एक्सीडेंट, हवा में उड़े कार के चिथड़े



**कार** रेसिंग के शौकीन अजित कुमार दुबई 24-घंटे की रेस के लिए तैयार होने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने अभिनेता की कार के दुर्घटना का वीडियो शेयर किया है। इस दुर्घटना के दौरान अभिनेता की कार के चिथड़े उड़ गए। हालांकि, बताया जा रहा है कि अभिनेता दुर्घटना में सुरक्षित बच गए हैं।

**दुबई में अजीत कुमार की कार दुर्घटनाग्रस्त**

अजित कुमार 24॥ दुबई 2025 कार रेसिंग में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार थे। रेस से पहले अभिनेता ने रेस ट्रैक पर प्रैक्टिस भी किया। इससे पहले दिन में अभिनेता की टीम ने साझा किया कि वह आज से दुबई में अपना प्रैक्टिस सेशन शुरू करेंगे। हालांकि, यह प्रैक्टिस सेशन उनके लिए जानलेवा हो गया। समय पर अभिनेता को कार से निकाला गया और सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया, जिससे वह बड़े जोखिम से बच गए।

**वायरल हुआ एक्सीडेंट का वीडियो**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे प्रैक्टिस सेशन वीडियो में अभिनेता की कार अचानक कंट्रोल खो देती है और ट्रैक पर ही घूमते हुए नजर आती है। आगे जाकर कार टकरा जाती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे कार के चिथड़े उड़ जाते हैं, लेकिन समय पर अभिनेता को तुरंत कार से बाहर निकाल लिया जाता है। फैंस अभिनेता अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं और उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक अभिनेता या उनकी टीम की तरफ से कोई भी हेल्थ अपडेट साझा नहीं किया गया है।

**दुबई में कार रेसिंग की प्रैक्टिस कर रहे थे अजित**

अजित दुबई में होने वाले 24॥ दुबई 2025 रेस में भाग लेने वाले थे। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ रेस के लिए प्रैक्टिस भी शुरू कर दी थी।





**ज्योतिषी ने कर दी भविष्यवाणी...**

# ऐश्वर्या-अभिषेक लेंगे तलाक और सोनाक्षी-जहीर होंगे अलग

**हाल** ही में एक ज्योतिषी ने बॉलीवुड के दो मशहूर कपल्स, ऐश्वर्या राय- अभिषेक बच्चन और सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल के रिश्तों को लेकर चौंकाने वाली भविष्यवाणी की है। ज्योतिषी सुशील कुमार सिंह ने दावा किया है कि दोनों जोड़े जल्द ही तलाक ले सकते हैं, जिसके बाद उनके फैंस में हलचल मच गई है। ऐश्वर्या और अभिषेक के तलाक की अफवाहों ने कुछ समय पहले मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी थीं। लेकिन, न्यू ईयर के दौरान परिवार के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट होने के बाद इन अफवाहों का कोई ठोस आधार नहीं मिला। दोनों अभी भी एक साथ हैं। वहीं, सोनाक्षी और जहीर की शादी के बाद एक नया भविष्यवाणी सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि उनके रिश्ते में हिंसा की स्थिति पैदा होगी, जिसके बाद उनका तलाक होगा। द आवारा मुसाफिर पॉडकास्ट में ज्योतिषी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि ऐश्वर्या और अभिषेक का तलाक होना तय है, जबकि सोनाक्षी और जहीर का रिश्ता भी खत्म होगा। सिंह ने यह भी दावा किया कि सोनाक्षी और जहीर का तलाक एक हिंसक बहस के बाद होगा, और यह घटना उनके बच्चे के जन्म के बाद घटित होगी। इस तरह की भविष्यवाणियों ने कपल्स के फैंस को चौंका दिया है और सोशल मीडिया पर लोग इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि, इस तरह की भविष्यवाणियों की सटीकता पर सवाल भी उठ रहे हैं।



# कंगना ने अपनी फिल्म इमरजेंसी में कुछ सीन काटे जाने पर की बात

आगामी फिल्म इमरजेंसी में नजर आने वाली अभिनेत्री कंगना रनौत ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा फिल्म से कुछ अंश हटाने के आदेश पर प्रतिक्रिया दी।

अभिनेत्री ने बात करते हुए बताया कि एक निर्देशक के तौर पर वह मूल कथानक वाली फिल्म ही चाहती थीं। हालांकि, वह सीबीएफसी के फैसले को स्वीकार करती हैं। कंगना ने कहा कि मैं चाहती थी कि इसका पूरा संस्करण आए। लेकिन कट के साथ कोई समस्या नहीं है, क्योंकि ऐसा नहीं है कि फिल्म किसी का मजाक उड़ाने के लिए बनाई गई है।



# एकता कपूर ने गैर-पेशेवर अभिनेताओं पर साधा निशाना, निर्माता ने कहा- जब तक मैं बोलती हूं...

**निर्माता** एकता कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट की। इस पोस्ट में एकता ने हाल ही में साक्षात्कारों में उनके शो के बारे में गलत जानकारी देने के लिए गैर-पेशेवर अभिनेताओं पर कटाक्ष किया। दरअसल, हाल ही में अभिनेता राम कपूर ने एक इंटरव्यू में एकता के एक शो के बारे में बात की थी।


अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एकता कपूर ने लिखा, मेरे शो के बारे में इंटरव्यू देने वाले गैर-पेशेवर अभिनेताओं को चुप रहना चाहिए! झूठी जानकारी और गलत कहानियां। यह केवल तब तक चल सकती हैं जब तक मैं बोलती हूं...लेकिन चुप्पी में गरिमा होती है। हालांकि एकता ने किसी अभिनेता का नाम नहीं लिया, लेकिन रेडिट यूजर्स ने अनुमान लगाया कि उनकी टिप्पणी राम कपूर के बारे में थी। यह अटकलें तब शुरू हुईं जब उन्होंने हाल ही में कहा कि वह बड़े अच्छे लगते हैं में साक्षी तंवर को किस करने हिचकिचा रहे थे, उन्होंने दावा किया कि इससे धारावाहिक की टीआरपी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।



**राम**

# चरण ने दुर्घटना में मारे गए फैंस के परिवारों को 10 लाख रुपये की मदद दी

**गेम** चेंजर के प्री-रिलीज़ इवेंट का आयोजन 4 जनवरी को राजमहेंद्रववरम में हुआ, जिसमें आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यहां दुख की बात यह है कि दो फैंस–जो काकीनाडा जिले के गैगोलुपाडू के निवासी थे, इवेंट से घर लौटते वक्त एक दुर्घटना का शिकार हो गए। उनकी बाइक को एक वैन ने वाडीसलेरू के पास टक्कर मारी, जिससे दोनों की असमय मौत हो गई। इस घटना से गहरे दुखी राम चरण ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। घटना की जानकारी मिलते ही, उन्होंने तुरंत अपनी टीम को परिवारों को सांत्वना देने के लिए भेजा। इसके साथ ही, उन्होंने दोनों परिवारों को प्रत्येक को 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की, ताकि इस कठिन समय में उनकी मदद हो सके। राम चरण की यह दयालु भावना उनके प्रशंसकों द्वारा सराही गई है, जो उनकी अपने समर्थकों के प्रति चिंता और प्रतिबद्धता को उजागर करती है।




# जैकी श्रॉफ ने खुद को खुली किताब बताया, अलग-अलग किरदार निभाने के बारे में खुलकर बात की

**भारतीय** सिनेमा के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक जैकी श्रॉफ ने दशकों तक एक शानदार करियर बनाया है। अपनी पूरी फ़िल्मोग्राफी में, दिग्गज स्टार ने कभी भी अलग-अलग किरदार निभाने और अपने हुनर को समृद्ध बनाने से परहेज़ नहीं किया। चाहे मुख्य युवा, दोस्त, गुस्सैल युवक या ग्रे रोल निभाना हो, जैकी श्रॉफ ने खुद को एक बहुमुखी पावरहाउस कलाकार के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में, बेबी जॉन अभिनेता ने विभिन्न किरदार निभाने के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे वह फिल्म निर्माताओं को अपने किरदारों के इर्द-गिर्द एक छवि बनाने देते हैं।

इस बारे में बात करते हुए जैकी श्रॉफ ने कहा, मैं एक खुली किताब हूं और काम करता रहता हूं। मैं एक अभिनेता हूं; मैं नए किरदारों की खोज करता रहता हूं, चाहे वह बेबी जॉन हो या कोई और फिल्म। मैं खुद को निर्देशक की दृष्टि और कैमरामैन और तकनीशियनों की क्षमता पर छोड़ देता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में स्कूली छात्र की मौत से गुस्साए लोग पुलिस से भिड़े

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में जहां सरकार की सख्ती के चलते विरोध-प्रदर्शनों को होने ही नहीं दिया जाता, वहीं उत्तर-पश्चिमी शानक्सी प्रांत में एक स्कूल के बाहर प्रदर्शनकारियों व पुलिस में भिड़ंत हो गई। प्रदर्शनकारी छात्र डांग (17) की मौत से गुस्साए थे। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आने से पूरा मामला उजागर हुआ। पुलिस ने जैसे ही प्रदर्शनकारियों को रोका, लोगों का एक समूह पुलिस से भिड़ गया। पुलिस का दावा था कि छात्र की मौत इमारत से गिरने के चलते हुए जबकि परिजनों ने कहा, पुलिस फुटेज व साक्ष्य छिपा रही है।

### राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को ओवल ऑफिस से देंगे विदाई भाषण

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को ओवल ऑफिस से अपना विदाई भाषण देंगे, जो उनके शपथ ग्रहण से पांच दिन पहले होगा। यह भाषण 8 बजे पूर्वी समय पर होगा और यह बिडेन का अमेरिकियों और दुनिया से बात करने का आखिरी बड़ा मौका होगा, जब वह 20 जनवरी को पद छोड़ने से पहले राष्ट्र को संबोधित करेंगे। बाइडन के प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने शुक्रवार को कहा कि बाइडन अपने 50 साल के सार्वजनिक सेवा करियर पर विचार करेंगे और इसके साथ ही भविष्य के बारे में कुछ विचार साझा करेंगे। उनका भाषण देश के सामने अमेरिका के नेतृत्व की दिशा और वैश्विक मुद्दों पर आधारित होगा।

### उत्तरी बेनिन में उग्रवादियों के हमले से बेनिन सेना को भारी नुकसान

**पोर्टो-नोवो, एजेंसी।** उत्तरी बेनिन में उग्रवादियों के हमले से बेनिन की सेना को भारी नुकसान होने की खबर सामने आ रही है। मामले में अधिकारियों ने बताया कि इस हफ्ते बेनिन के उत्तर में एक सैन्य चौकी पर हुए हमले में उग्रवादियों ने सशस्त्र बलों को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इस हमले से पश्चिम अफ्रीका के तटीय देशों में जिहादी गतिविधियों के फैलने की चिंता बढ़ गई है। नेशनल गार्ड के चीफ कर्नल फैजौ गोमिना ने कहा कि यह हमला बुधवार को हुआ और हमलावरों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने हमले में हुए नुकसान के बारे में भी कुछ नहीं बताया, लेकिन कहा कि वे हार नहीं मानेंगे। हालांकि किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली, लेकिन बेनिन पहले से ही अपने उत्तर में स्थित बुर्किना फासो और नाइजर जैसे देशों से इस्लामी चरमपंथी समूहों से संघर्ष कर रहा है। ये उग्रवादी सीमा पार हमलों के लिए एक बड़े राष्ट्रीय उद्यान का इस्तेमाल करते हैं, जो तीन देशों में फैला हुआ है।

### पूर्वी कांगो में नए विद्रोही हमलों से 100,000 से अधिक लोग विस्थापित

**मासीसी, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी कांगो में नए विद्रोही हमलों के कारण इस साल की शुरुआत से अब तक 100,000 से अधिक लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं। एम23 विद्रोहियों ने सोमवार को मासीसी शहर पर कब्जा कर लिया, जिससे एक सप्ताह से भी कम समय में विद्रोहियों ने देश के पूर्वी हिस्से के दो महत्वपूर्ण शहरों पर कब्जा कर लिया और लोगों को सामूहिक रूप से पलायन करने पर मजबूर कर दिया। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अब तक विस्थापित होने वालों में 2.8 मिलियन लोग पहले से ही उत्तरी किवु प्रांत में विस्थापित थे, जो इस प्रांत की कुल आबादी का एक तिहाई से अधिक है। बता दें कि रू23, या मार्च 23 आंदोलन, तुत्सी जाति से बना एक उग्रवादी समूह है, जो कांगो की सेना से अलग होकर अस्तित्व में आया था। इस समूह ने 2012 में प्रमुखता हासिल की, जब इसके लड़ाकों ने रवांडा की सीमा पर स्थित कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा पर कब्जा कर लिया था।

### रूस के प्रतिबंधों से बचने वाला तेल टैंकर बाल्टिक सागर में बहा

**मास्को, एजेंसी।** रूस द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से बचने के प्रयास का हिस्सा माना जा रहा एक तेल टैंकर शुक्रवार को बह गया और उसे जर्मन टगबोट द्वारा खींचकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। यह घटना बाल्टिक सागर में हुई, जिसे जर्मनी के विदेश मंत्री ने सुरक्षा और पर्यटन के लिए खतरे के रूप में बताया। पनामा के झंडे वाला टैंकर इवेंटिन रूस से 99,000 टन तेल लेकर मिस्र जा रहा था, जब वह जर्मन द्वीप रुगेन के उत्तर में बहने लगा। मामले में जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए के अनुसार, जहाज को एक ब्रेमेन फाइटर टगबोट ने बंदरगाह तक खींचा, और पर्यावरण के लिए कोई तत्काल खतरा नहीं था। ग्रीनपीस ने कहा कि इवेंटिन रूसी छाया बेड़े का हिस्सा है, जिसमें पुराने टैंकरों का उपयोग रूस द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से बचने के लिए किया जाता है।

### अमेरिका में भारतीय नागरिक ने बाल यौन शोषण सामग्री रखने का आरोप स्वीकार किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भारत के एक नागरिक ने बाल यौन शोषण सामग्री रखने के आरोप स्वीकार कर लिए हैं। एक वकील ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी अब्दुल रऊफ शेख को अधिकतम 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई जा सकती है और 250,000 अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार शेख पहले 'कार्निवल क्रूज लाइन्स' नामक कंपनी में कार्यरत था। अमेरिकी आंतरिक सुरक्षा विभाग के विशेष एजेंटों को न्यू ऑरलीन्स के एराटो स्ट्रीट क्रूज टर्मिनल में शेख के पास बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री मिली थी, जिसके बाद उसे जुलाई 2024 में गिरफ्तार कर लिया गया था।

# ग्रीनलैंडवासियों ने देश कब्जाने के ट्रंप के प्रयासों पर जताई नाराजगी, कहा- हम बिकाऊ नहीं

**नुउक, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जे वाली बात पर वहां के नागरिकों में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूटे बी. एगेडे ने शांति और एकता की अपील करते हुए कहा कि उनका देश अमेरिका का हिस्सा बनने की इच्छा नहीं रखता है।



**डोनाल्ड ट्रंप जूनियर का ग्रीनलैंड दौरा :** बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वह ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए टैरिफ या सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं और ये बात ज्यादा प्रकाश में तब आ गई जब ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ग्रीनलैंड पहुंचे और वहां के लोगों से मिले। साथ ही उन्होंने वहां मेक अमेरिका ग्रेट अगेन लिखी हुई कैप्स भी बांटीं और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। इस बात पर ग्रीनलैंड के लोगों ने नाराजगी जताते हुए इसे रिश्वत देने जैसा बताया।

**ग्रीनलैंडवासियों की नाराजगी :** ट्रंप के देश कब्जाने वाली बात को लेकर ग्रीनलैंड के लोगों में लोगों में बड़ी नाराजगी देखने को मिल रही है। जहां एक तरह ग्रीनलैंड एक छात्र ने गार्जियन को बताया कि हमारे देश को अमेरिकी नेतृत्व की जरूरत नहीं है। जब ग्रीनलैंड सरकार ने मजबूती के साथ कहा कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है तब मुझे थोड़ी राहत मिली। छात्र ने कहा कि मैं हमारे ग्रीनलैंड की स्वतंत्रता का पूरी तरीके से समर्थन करता हूं। साथ ही सिसिमियट नामक एक नागरिक गार्जियन से कहा कि मैं कभी भी ट्रंप का समर्थन नहीं करूंगा। और औपनिवेशिक काल में अमेरिकी लोगों ने मूल अमेरिकियों के साथ जो किया मैं उसका भी कभी समर्थन नहीं करूंगा।

**ग्रीनलैंड के पीएम का जवाब :** ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप के नजरिए पर शुक्रवार को ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूटे बी. एगेडे ने कहा कि उनका देश अमेरिका का हिस्सा बनने की इच्छा नहीं रखता, लेकिन वे इस बात को समझते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ग्रीनलैंड में रुचि होना स्वाभाविक है, क्योंकि यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड वाशिंगटन के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है, लेकिन ग्रीनलैंड के लोग अपनी स्वतंत्रता चाहते हैं और डेनमार्क या अमेरिका का हिस्सा नहीं बनना चाहते।

**यूरोप और डेनमार्क में बढ़ी चिंता :** डोनाल्ड ट्रंप के लगातार ग्रीनलैंड को लेकर दिए जा रहे बयान से डेनमार्क और यूरोप में चिंता पैदा कर दी है। हालांकि, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन ने कहा कि अमेरिका का ग्रीनलैंड में रुचि दिखाना एक सकारात्मक पहलू है और दोनों देशों के बीच सहयोग मजबूत बनाए रखने के लिए वे पूरी कोशिश करेंगे।

**ग्रीनलैंड पर कब्जा, ट्रंप का पुराना सपना :** देखा जाए तो ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाना डोनाल्ड ट्रंप का आज का सपना नहीं है। ये बात 2019 से चली आ रही है जब उन्होंने इसे एक रियल स्टेट सौदा बताया था। गौरतलब है कि ग्रीनलैंड अभी डेनमार्क के तहत एक स्वतंत्र राज्य है और इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय ध्यान है। बता दें कि 1945 में अमेरिका ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ग्रीनलैंड पर कब्जा कर लिया था लेकिन बाद में इसे डेनमार्क को वापस कर दिया। हालांकि आज भी ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम में एक अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थित है।

### निकोलस मादुरो ने ली वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद की शपथ

**काराकास , एजेंसी।** निकोलस मादुरो ने शुक्रवार को वेनेजुएला के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण समारोह में क्यूबा, निकारागुआ के राष्ट्रपति शामिल हुए। मादुरो 2013 से राष्ट्रपति हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मादुरो ने शुक्रवार वेनेजुएला की राष्ट्रीय असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रॉड्रिग्ज के सामने शपथ ली। इस दौरान उन्होंने वेनेजुएला में शांति, समृद्धि, समानता और नए लोकतंत्र सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। वेनेजुएला के राष्ट्रपति के रूप में तीसरी बार शपथ लेने के बाद मादुरो ने कहा, मैं इतिहास और अपने जीवन की कसम खाता हूं कि मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति की पट्टी और ऑर्डर ऑफ द लिबरेटर्स मिला, जो वेनेजुएला में राष्ट्रपति के अधिकार का प्रतीक है। मादुरो ने शपथ के बाद अपने भाषण में एक प्रमुख संवैधानिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए व्यापक वार्ता प्रक्रिया का आह्वान किया। उनके मुताबिक ये वेनेजुएला को और लोकतांत्रिक बनाएगा। उन्होंने कहा, इस सुधार का उद्देश्य नई अर्थव्यवस्था और समाज के आधार पर संविधान के सिद्धांतों को अप-टू-डेट करना और देश को नए तकनीकी खतरों से बचाना है।

## फैक्ट चेकिंग प्रोग्राम बंद करने पर ब्राजील सरकार का मेटा को नोटिस

**ब्रासिलिया, एजेंसी।** ब्राजील की संघीय सरकार ने गुरुवार को मेटा (जो फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप का मालिक है) को एक कानूनी नोटिस जारी किया है। इसमें यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि आखिर मेटा अपने प्लेटफार्मों पर नफरत भरे भाषण और गलत जानकारी को रोकने के लिए फैक्ट-चेकिंग के अपने अभ्यास को क्यों खत्म कर रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील के अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने मेटा को स्पष्टीकरण देने के लिए 72 घंटे का समय दिया है। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि ब्राजील में बच्चों और किशोरों, संवेदनशील जनसंख्या और व्यापारिक माहौल की रक्षा के लिए सख्त कानून हैं और हम इन मंचों को डिजिटल हिंसा या बर्बरता में तब्दील होने की अनुमति नहीं देंगे।




**वित्त मंत्री का फर्जी वीडियो हटाने का आदेश :** इसके साथ ही नोटिस में गुरुवार को पोस्ट की गई फर्जी वीडियो को हटाने का भी आदेश दिया गया। दरअसल, वीडियो में ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद से संबंधित एक झूठी टिप्पणी को एआई द्वारा संशोधित किया गया था, जिसमें जानवरों पर प्रस्तावित कर को लेकर गलत बातें की गई थीं।

**मेटा ने क्यों हटाई फैक्ट-चेकिंग :** मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने हाल ही में बताया था कि वह अपने फैक्ट चेक प्रोग्राम को 'कम्युनिटी नोट्स' प्रोग्राम से बदल रहे हैं। बता दें कि प्रोग्राम ये एलन मस्क के माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले मॉडल के समान है। थर्ड पार्टी फैक्ट चेक प्रोग्राम को हटाने की शुरुआत संयुक्त राज्य अमेरिका से होगी। फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने कहाथा कि उसने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि एक्सपर्ट फैक्ट चेकर की अपनी कुछ कमियां हैं और वे किसी एक पक्ष की तरफ हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण बहुत अधिक कंटेंट फैक्ट चेकिंग के दायरे में आ जाते हैं।

**अधिकारों का पालन करने की दी चेतावनी :** अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने मेटा को चेतावनी दी कि उसे ब्राजील के संविधान और बुनियादी अधिकारों का पालन करना चाहिए। यह कदम ब्राजील सरकार के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को गलत जानकारी और हानिकारक सामग्री फैलाने के लिए जिम्मेदार ठहराने के प्रयासों का हिस्सा है।

## पाकिस्तानः क्वेटा में खदान विस्फोट में चार लोगों की मौत, कई फंसे

**क्वेटा , एजेंसी।** बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा के संजदी इलाके में एक कोयला खदान में गैस विस्फोट के कारण चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग अंदर फंस गए. फंसे लोगों को बचाने का प्रयास अभी भी जारी हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बचाव अभियान 27 घंटे से अधिक समय से चल रहा है. जानकारी के अनुसार खदान में अधिकारी भी फंसे हुए हैं. प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने पुष्टि की है कि खदान से तीन और शव बरामद किए गए हैं, जिससे बरामद शवों की कुल संख्या चार हो गई है. यह घटना बृहस्पतिवार को करीब 4 बजे हुई. गैस विस्फोट के चलते कोयला खदान का एक हिस्सा ढह गया. इस दौरान वहां काम कर रहे करी 12 मजजूर इसके अंदर फंस गए. माना जा रहा है कि फंसे हुए मजदूर लगभग 4,300 फीट नीचे हैं. अब तक बरामद शव 3,000 फीट गहराई में पाए गए. बचाव दल खनिकों तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने में जुटे हैं. गैस की मौजूदगी और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति के कारण ये ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण है. इसमें स्थानीय मजदूर बचावकर्मियों की की सहायता कर रहे हैं. मार्च 2024 में इसी तरह की घटना हुई थी जब बलूचिस्तान के हरनाई में एक कोयला खदान में 18 मजदूर फंस गए थे. बचाव दल ने 12 शवों को सफलतापूर्वक निकाला, और छह मजदूरों को घायल अवस्था में बचाया गया।


# अमेरिका-जापान ने रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाए

## 2 भारतीय कंपनियों पर भी बैन ; कच्चे तेल की कीमत 3प्रतिशत बढ़कर 80 डॉलर बैरल पार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और जापान ने शुक्रवार को रूस के खिलाफ एक्शन लेते हुए कई नए प्रतिबंधों का ऐलान किया। रॉयटर्स के मुताबिक अमेरिका ने रूस की 200 से ज्यादा कंपनियों और 180 से ज्यादा जहाजों पर बैन लगा दिया। अमेरिका ने दो भारतीय कंपनियां स्काईहार्ट मैनेजमेंट सर्विसेज और एविजन मैनेजमेंट सर्विसेज भी बैन लगाया हैं। बाइडेन सरकार का कहना है कि इन भारतीय कंपनियों ने रूस से एलएनजी का ट्रांसपोर्ट किया था, जो अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन है। वही जापान ने कई रूसी नागरिकों को कंपनियों की संपत्तियों को जब्त कर लिया है। इस अलावा जापान ने कई ऐसे संगठनों के खिलाफ भी प्रतिबंध का ऐलान किया है, जिन्होंने पहले लगाए गए प्रतिबंधों से बचने में रूस की मदद की थी। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से क्रूड ऑयल की कीमतें 3 प्रतिशत तक का बढ़ गई। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई। इन प्रतिबंधों की वजह से अब भारत और चीन का रूस से ऑयल एक्सपोर्ट करने में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

**रूस की एनर्जी रिसोर्स इनकम घटाने की कोशिश :** अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि रूस के खिलाफ की गई यह कार्रवाई उसकी एनर्जी रिसोर्स से होने वाली इनकम को सीमित कर देगा। इससे रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

**जापान ने नॉर्थ कोरिया और जॉर्जिया के बैन पर भी लगाए बैन :** जापान सरकार ने बयान जारी कर कहा कि शुक्रवार को 11 व्यक्तियों, 29 संगठनों और रूस के तीन बैंकों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके अलावा रूस की मदद करने की वजह से नॉर्थ कोरिया और जॉर्जिया के एक बैंक के खिलाफ भी एक्शन लिया गया है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि यह प्रतिबंध यूक्रेन के लिए हमारी मदद की प्रतिबद्धता दिखाते हैं।



**रूस बोला- ट्रम्प के लिए हालात मुश्किल बना रहे बाइडेन :** अमेरिकी प्रतिबंधों की घोषणा से कुछ देर पहले ही क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति ऑफिस) के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन आने वाली ट्रम्प गवर्नमेंट की चीजों को मुश्किल बनाने की कोशिश में जुटा हुआ है। पेसकोव ने कहा- हम जानते हैं कि बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन जाते जाते ट्रम्प के लिए एक मुश्किल विरासत छोड़ने की कोशिश करेगा।

**60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे जा सकती है रूसी तेल की कीमत :** 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद भारत और चीन रूसी क्रूड ऑयल के सबसे बड़े आयातक बन गए हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, भारतीय रिफाइनरीज रूस के प्रतिबंधित जहाजों का इस्तेमाल करने से बचेंगे, जिससे रूसी तेल की कीमतों में और गिरावट आने की संभावना है। एक भारतीय रिफाइनिंग सोर्स ने रॉयटर्स को बताया कि नए प्रतिबंधों के कारण रूसी तेल की कीमतें 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे जा सकती हैं। रूस वैश्विक तेल उत्पादन में 10प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। अमेरिका के इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स के डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर दलीप सिंह ने कहा कि कुछ लोग पूछेंगे कि हमने रूसी ऑयल पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रशासन के अंत का इंतजार क्यों किया? इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें कॉस्ट फ्री होना चाहिए। प्रतिबंध कभी भी कॉस्ट फ्री नहीं होते, लेकिन सफल होने के लिए उन्हें अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के मुकाबले उनका लक्ष्य वही होना चाहिए जिस वजह से उन्हें लागू किया गया है।

# गाजा : इजरायली हमलों में पत्रकार समेत 22 की मौत, संचार सेवा ठप होने का बढ़ा खतरा

**गाजा , एजेंसी।** इजरायली हवाई हमलों में एक पत्रकार सहित करीब 22 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। ईंधन की कमी के कारण गाजा में संचार व्यवस्था ठप होने का खतरा भी बढ़ गया है। गाजा में सिविल डिफेंस के अनुसार, शुजाय्या इलाके के एक घर को निशाना बनाकर हवाई हमला किया गया। इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि मध्य गाजा में अल-बुरीज शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले में सात लोग मारे गए। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में नासेर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर हुए हवाई हमलों के बाद चार शव बरामद किए गए। मध्य गाजा के अल-नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल की ओर से बताया गया कि गोलाबारी और ड्रोन हमलों में अल-गाद टीवी के पत्रकार सईद नभान सहित तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। गाजा स्थित सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार, नभान की मृत्यु के साथ, 7 अक्टूबर 2023 को संघर्ष शुरू होने के बाद से मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 203 हो गई है। गाजा के संचार और



डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल रज्जाक अल-नतशा ने चेतावनी दी कि ईंधन की कमी के कारण शुक्रवार रात तक इंटरनेट और लैंडलाइन सहित संचार सेवाएं बंद हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन आपूर्ति पर इजरायल की नाकाबंदी का असर पड़ा है। जिससे आपातकालीन सेवाओं के बाधित होने होने का खतरा है। 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमास के नेतृत्व वाले हमले के बाद संघर्ष शुरू हुआ, जिसमें 1,200 से अधिक इजरायली मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा में इजरायल की बड़े पैमाने पर सैन्य प्रतिक्रिया के कारण 46,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान में एक इजरायली हवाई हमले में पांच लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने शुक्रवार को पांच शवों की बरामदगी की घोषणा की, जिसके बारे में उसने कहा कि वे दक्षिणी लेबनान के पूर्व में स्थित लेबनानी शहर खियाम पर हाल ही में इजरायली हमलों के दौरान मारे गए थे।

# ट्रंप के राष्ट्रपति रहते हुए भी उनकी कंपनी विदेश में कर सकेगी व्यापार, नैतिक समझौते को लेकर उठे सवाल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परिवार ने शुक्रवार को स्वैच्छिक तौर पर एक नैतिक समझौता जारी किया। इस समझौते के तहत डोनाल्ड ट्रंप अपनी कंपनी ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन के मामलों में शामिल नहीं होंगे ताकि ट्रंप के राष्ट्रपति रहते हुए हितों का टकराव न हो। साथ ही इस नैतिक समझौते के तहत ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन विदेशी निजी कंपनियों के साथ व्यापार सौदे कर सकेगी। हालांकि ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन सीधे तौर पर विदेशी सरकारों के साथ सौदे नहीं कर सकेगी।

**नैतिकता समझौते में क्या हैं प्रावधान :** गौरतलब है कि साल 2016 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी ट्रंप परिवार ने ऐसा ही एक नैतिकता श्वेत पत्र जारी किया था। हालांकि पिछले नैतिकता श्वेत पत्र में ट्रंप की कंपनी को विदेशी सरकारों के साथ ही विदेशी कंपनियों के साथ भी व्यापार पर रोक का प्रावधान है। इस बार नैतिकता समझौते में बदलाव किया गया है और ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन को विदेशी कंपनियों के साथ व्यापार की छूट दी गई है। ट्रम्प की कंपनी की तरफ से यह घोषणा भी की गई है कि वह पहले कार्यकाल की तरह सौदों की जांच करने के लिए एक नैतिक सलाहकार की नियुक्ति करेगी। ट्रम्प ऑर्गेनाइजेशन ने हाल ही में वियतनाम, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में होटल और गोल्फ रिसॉर्ट के लिए सौदे किए हैं, जिस पर सरकारी नैतिकता विशेषज्ञों और निगरानीकर्ताओं ने चिंता जाहिर की है। नैतिकता विशेषज्ञों को चिंता है कि ट्रम्प के व्यक्तिगत वित्तीय हित उन देशों के प्रति अमेरिका की नीति को प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि ट्रंप प्रशासन में पिछले कार्यकाल की तुलना में भ्रष्टाचार का पैमाना ज्यादा बड़ा होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी कानून के तहत, संघीय सरकार के अधिकारियों को ऐसे व्यवसायों में वित्तीय हित रखने की अनुमति नहीं है जो सार्वजनिक नीति पर उनके विचार को प्रभावित कर सकते हैं। अक्सर अधिकारियों को हितों के टकराव से बचने के लिए अपने शेयर बेचने के लिए मजबूर किया जाता है। अमेरिकी राष्ट्रपतियों को नैतिकता प्रतिबंध से बाहर रखा गया है, लेकिन ट्रम्प को छोड़कर अन्य सभी राष्ट्रपतियों ने स्वेच्छा से कानून का पालन किया है। अपने पहले कार्यकाल में, ट्रम्प ने अपने राष्ट्रपति पद की शुरुआत में हितों के टकराव की उपस्थिति से बचने का वचन दिया, लेकिन उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी संपत्तियों के लिए खुले तौर पर व्यवसाय को बढ़ावा दिया। उन्होंने एक बार फ्लोरिडा के डोरल में अपने गोल्फ रिसॉर्ट में वैश्विक नेताओं की जी-7 बैठक आयोजित करने की कोशिश की थी। हालांकि आलोचना के बाद उन्हें यह विचार त्यागना पड़ा। ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन के पास भारत, तुर्की और कई अन्य देशों में ट्रम्प के नाम वाली इमारतें भी हैं।


# पनामा नहर प्रशासक ने चीनी हस्तक्षेप के दावे खारिज किए

**पनामा, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद से दुनियाभर में पनामा नहर का मामला चर्चा में है। अब पनामा नहर के प्रशासक ने साफ कर दिया है कि पनामा नहर के अमेरिका कब्जे में जाने की कोई संभावना नहीं है और नहर का प्रशासन पनामा के हाथों में ही रहेगा। साथ ही उन्होंने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि चीन नहर के संचालन को नियंत्रित कर रहा है। पनामा के नहर के प्रशासक रिकौर्टे वास्केज ने कहा कि पनामा नहर सभी देशों के लिए खुली रहेगी।

**चीन के नियंत्रण के दावे खारिज किए :** रिकौर्टे वास्केज ने नहर पर चीन के नियंत्रण के दावों पर कहा कि नहर के दोनों छोर पर बंदरगाहों में काम करने वाली चीनी कंपनियां हांगकांग की है और उन्होंने साल 1997 में बोली प्रक्रिया में यह अधिकार हासिल किया था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी और ताइवान की कंपनियां नहर के किनारे के अलावा अन्य बंदरगाहों का भी संचालन कर रही हैं। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि नहर का प्रशासन पनामा के हाथों में ही रहेगा।

**अमेरिका को पनामा नहर का नियंत्रण देने से इनकार :** अमेरिका के पनामा नहर पर कब्जा करने की आशंका पर वैस्केज ने कहा कि इस तरह की उम्मीद का कोई आधार नहीं है। मैं बस यही कह सकता हूँ। वैस्केज ने इस बात पर जोर दिया कि पनामा नहर सभी देशों के व्यापार के लिए खुली है। वैस्केज ने कहा कि तटस्थता संधि के कारण पनामा नहर प्रशासन अमेरिकी ध्वज वाले जहाजों को विशेष सुविधा नहीं दे सकता। स्थापित नियमों के तहत ही नहर का संचालन होगा। उन्होंने कहा कि नहर संचालन की प्रक्रिया





स्पष्ट है और इसमें मनमाने बदलाव नहीं हो सकते। पनामा और अमेरिका के बीच की संधि में एकमात्र अपवाद अमेरिकी युद्ध ोतों को तुरंत मार्ग देने का नियम ही है।

**ज्यादा शुल्क के आरोपों को लेकर दी ये सफाई :** डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर पर लगने वाले शुल्क को बहुत ज्यादा बताया था। इस पर वैस्केज ने कहा कि शुल्क में कोई भेदभाव नहीं है। शुल्क बढ़ने पर वैस्केज ने कहा कि नहर अपने लॉक को संचालित करने के लिए जलाशयों पर निर्भर करती है, लेकिन पिछले दो वर्षों के दौरान सूखे से जलाशय बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिसके कारण जहाजों को पार करने के लिए दैनिक स्लॉट की संख्या में काफी कमी करनी पड़ी है। कम जहाजों की संख्या की वजह से प्रशासकों ने स्लॉट आरक्षित करने के लिए फीस बढ़ा दी है। पनामा नहर की वजह से जहाजों को केप हॉर्न के आसपास लंबी और महंगी यात्रा से मुक्ति मिलती है। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों पनामा नहर को लेकर कहा था कि अगर पनामा स्वीकार्य तरीके से पनामा नहर का प्रबंधन नहीं करता है तो फिर अमेरिका फिर से इस पर अपना कब्जा कर सकता है। उन्होंने कहा था कि हम पनामा नहर को गलत हाथों में नहीं जाने देंगे।

## तेलंगाना पुलिस ने बीआरएस नेता केटी रामा राव को नजरबंद किया

हैदराबाद। तेलंगाना पुलिस ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) को नजरबंद कर दिया। गाचीबोवली में उनके आवास के बाहर पुलिस बल तैनात की गई। एक अन्य बीआरएस नेता, पूर्व मंत्री हरीश राव को भी घर में नजरबंद कर किया गया है। कोकापेट में उनके आवास के बाहर पुलिसकर्मी तैनात है। पार्टी विधायक कौशिक रेड्डी को हिरासत में लेने के बाद बीआरएस के दो वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई हुई। हुजूराबाद से विधायक रेड्डी को गिरफ्तारी के बाद भारी सुरक्षा के बीच करीमनगर कोर्ट में पेश किया गया। उनके खिलाफ तीन मामले दर्ज थे, और जगतियाल विधायक संजय कुमार द्वारा उनके खिलाफ दायर शिकायत पर करीमनगर पुलिस ने उन्हें जुबली हिल्स, हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। दरअसल करीमनगर में जिला समीक्षा समिति की बैठक में रेड्डी और कुमार के बीच विवाद हो गया। बीआरएस विधायक रेड्डी पर बैठक में बाधा डालने और अन्य नेताओं, खासकर कुमार से बात करने पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगा था। रेड्डी की गिरफ्तारी के बाद केटीआर ने कांग्रेस रेडडी सरकार की आलोचना की। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर आदतन झूठे मामले दर्ज करने और उनकी पार्टी के नेताओं को बार-बार गिरफ्तार करने का आरोप लगाया। इससे पहले, केटीआर और हरीश राव को फॉर्मूला ई रेस फंडिंग की अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा घर में नजरबंद रखा गया था।

## तीन बार से ज़्यादा ट्रैफिक नियमों का किया उल्लंघन तो ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द या निलंबित

पटना। बिहार में वाहन चालक ध्यान दें, अगर आपने तीन बार से ज़्यादा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया, तब आपका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द या निलंबित हो सकता है। इस संबंध में, बिहार में ट्रैफिक पुलिस ने तीन बार से ज़्यादा नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 10,000 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द या निलंबित करने की सिफारिश की है। अपर पुलिस महानिदेशक (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का बार-बार उल्लंघन करने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द या निलंबित होगा। उन्होंने कहा, ट्रैफ़िक पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में तीन बार से ज़्यादा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 10,000 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द या निलंबित करने की सिफ़ारिश की है। उन्होंने बताया कि सिफारिशें संबंधित जिलों के अधिकारियों को भेज दी गई हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अगर कोई तीन बार से अधिक यातायात नियमों का उल्लंघन करता है, तब उसका ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित होगा और अगर वह इसके बाद भी उल्लंघन करता है, तब ड्राइविंग लाइसेंस रद्द ही कर दिया जाएगा। ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन, तेज गति से गाड़ी चलाना, ओवरलोडिंग और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने जैसे अपराधों के लिए लगातार तीन बार से अधिक चालान प्राप्त करने वाले व्यक्ति का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

## लैंड माइन ब्लास्ट, 6 जवान घायल

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एलओसी के पास लैंड माइन ब्लास्ट में सेना के 6 जवान घायल हो गए हैं। धमाका भवानी सेक्टर के मकरी इलाके में हुआ। इस दौरान सेना के जवान खंबा फोर्ट के पास पेट्रोलिंग कर रहे थे। घायलों को आर्मी अस्पताल भेजा गया है। धमाके की जांच की जा रही है। गोरखा राइफल्स के जवानों की एक टुकड़ी सुबह करीब 10.45 बजे राजौरी में खंबा किले के पास पेट्रोलिंग कर रही थी, उसी समय ब्लास्ट हुआ। घायल जवानों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उन्हें मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत स्थिर है।

## देशभर में एचएमपीवी के 18 केस, पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव

नई दिल्ली। कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 18 मामले हो गए हैं। सोमवार को पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव आया है। इससे पहले 3 और 5 साल के दो बच्चे संक्रमित पाए गए थे। पुडुचेरी के मेडिकल सर्विस डायरेक्टर वी रविचंद्रन ने कहा- बच्चे को बुखार, खांसी जैसी शिकायतें थीं। उसे 10 जनवरी को जेआईपीएमईआर में भर्ती कराया गया था। बच्चा ठीक हो रहा है। देश में एचएमपीवी के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है। एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर, गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

## हरियाणा भाजपा अध्यक्ष रेप में फंसे, महिला की शिकायत पर गैंगरेप का केस दर्ज

पंचकूला। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली (61) और सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ गैंगरेप की एफआईआर दर्ज हुई है। ये केस हिमाचल के कसौली पुलिस थाने में 13 दिसंबर 2024 को दर्ज हुआ था। जिसकी जानकारी अब सार्वजनिक हुई है। दिल्ली की रहने वाली महिला का आरोप है कि उसके साथ कसौली के होटल में जबरन शराब पिलाकर रेप किया गया। इसके लिए रॉकी मित्तल ने उसे अपनी एल्बम में एक्ट्रेस बनाने और बड़ौली ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। रेप के बाद उसे डरा-धमकाकर कमरे से बाहर निकाल दिया। उसकी अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाई गईं। इसके बाद पंचकूला में उसे केस में फंसाने की कोशिश की गई।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में गरजे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, बोले-
# पीओके के बिना अधूरा है जम्मू-कश्मीर

**-यह पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन, यहां आतंकी ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे**



**श्रीनगर (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया है। उन्होंने कहा कि पीओके के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा है। पीओके और कुछ नहीं बल्कि पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन है और इस जमीन का इस्तेमाल वह आतंकवाद फैलाने के लिए कर रहा है। पीओके में आतंकियों के लिए ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने यह बात मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर में 9वें आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे इवेंट में कही।

उन्होंने कहा कि 1965 में अखनूर में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध लड़ा गया था। भारत ने पाकिस्तानी सेना के सभी प्रयासों को विफल कर दिया था। अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच जितने युद्ध हुए, उनमें भारत ने पाकिस्तान को हराया है। 1965 से ही पाकिस्तान ने भारत में अवैध घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा देना शुरू कर दिया था। राजनाथ ने कहा कि हमारे मुस्लिम भाइयों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। आज भी भारत में घुसने वाले 80 प्रतिशत से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं। 1965 में ही सीमापार आतंकवाद खत्म हो सकता था, लेकिन तब की लाल बहादुर शास्त्री की अगुआई वाली केंद्र सरकार युद्ध में प्राप्त सामरिक लाभ को रणनीतिक लाभ में बदलने में असमर्थ रही।

### दूरी खत्म करना हमारी प्राथमिकता

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि कश्मीर और बाकी देश के बीच जो भी दूरी है, उसे खत्म किया जाए। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इस दिशा में कदम उठा रहे हैं। अखनूर में वेटरंस डे सेलिब्रेशन से यही साबित होता है कि अखनूर की हमारे दिलों में वही जगह है, जो दिल्ली की है।

### वेटरंस की सेवा करना हमारी जिम्मेदारी

कार्यक्रम में शामिल हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। आप वही लोग हैं जिन्होंने अपने भविष्य या जीवन की चिंता किए बिना देश की सुरक्षा के लिए त्याग किया। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आपकी सेवा करें। यह हमारा कर्तव्य है कि हम सुनिश्चित करके कि आपको आरामदायक जीवन मिल सके। ऐसा करके ही हम कर्ज चुका पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि भर्ती में आरक्षण का पूरा उपयोग हो और योजनाओं के तहत आपको जरूरी आर्थिक मदद बिना किसी रुकावट के मिले। मुझे यह कहते हुए कोई झिझक नहीं है कि एक सेवानिवृत्त सैनिक के बेटे, सतीश शर्मा, मेरी कैबिनेट में हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के मुंबई दौरे से पहले यातायात पुलिस ने परामर्श जारी किया

मुंबई। मुंबई यातायात पुलिस के द्वारा परामर्श जारी किया गया है। इसमें बुधवार को इस्कॉन मंदिर के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री मोदी के मुंबई दौरे से पहले प्रतिबंध लगे हैं। नवी मुंबई यातायात पुलिस ने खारघर में यातायात प्रतिबंधों की एक श्रृंखला लागू की है। ये प्रतिबंध यातायात प्रवाह को सुचारू बनाने और कार्यक्रम में अपेक्षित बड़ी भीड़ को प्रबंधित करने के लिए लगे हैं। इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन समारोह सेक्टर 23 में शाम 5 बजे होगा और अधिकारियों को इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री, राजनीतिक नेता और आम लोग शामिल हो सकते है। यातायात परामर्श के अनुसार, ओवे गांव पुलिस स्टेशन से जे कुमार सर्किल और ग्रीन हेरिटेज तक सड़क के दोनों ओर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि, वीआईपी वाहन, पुलिस वाहन, आपातकालीन सेवाएं, सरकारी वाहन और कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को प्रवेश की अनुमति होगी। वैक्लपिक मार्ग में प्रशांत कॉर्नर से ओवे गांव पुलिस स्टेशन की ओर प्रवेश करने वाले और जे कुमार सर्किल तक पहुँचने के इच्छुक वाहनों को ओवे गांव चौक पर बाएँ मुड़ना चाहिए। ओवे गांव चौक से जे कुमार सर्किल की ओर आने वाली कारों को प्रशांत कॉर्नर पर दाएँ मुड़ना चाहिए। शिल्प चौक से जे कुमार सर्किल की ओर जाने वाले वाहन चालकों को ग्रीन हेरिटेज चौक पर पहुँचना चाहिए और फिर उसी के अनुसार मुड़ना चाहिए।

## भारत-बांग्लादेश के तनाव में, अपने हित की रोटी सेंकने में जुटा चीन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार तनाव चरम पर है। हाल ही में, भारत ने बांग्लादेश बॉर्डर पर बाड़ लगाने की योजना तैयार की, ताकि अवैध घुसपैठियों को भारत में आने से रोक सके। इस पर बांग्लादेश ने कड़ा विरोध जताया। इसके जवाब में, भारत ने बांग्लादेश के राजदूत को नई दिल्ली में बुलाकर दो टूक कह दिया हैं कि बांग्लादेश को पिछले सरकारों द्वारा किए गए अनुबंधों को मानना होगा। एक घटनाक्रम में शेख हसीना सरकार के जाने के बाद, बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी है, इसकारण दोनों देशों के बीच छोटे-छोटे मुद्दों पर तनातनी की स्थिति बन रही है।



चीन दोनों देशों के बीच तनाव का फायदा उठाने के लिए ढाका में राजनीतिक दलों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी राजदूत याओ वेन ने खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर से मुलाकात की। यह मुलाकात शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद की गई, जब बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें अधिक सक्रिय हुई हैं।

चीन को पता है कि बीएनपी का भारत के प्रति रुख सकारात्मक नहीं है, जबकि हसीना सरकार का झुकाव भारत की ओर था। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 समिट के दौरान हसीना को विश्व नेताओं से मिलवाया था, इससे भारत और बांग्लादेश के संबंध मजबूत हुए थे। लेकिन बीएनपी पार्टी ने भारत विरोधी प्रदर्शन किए थे, जिसमें उन्होंने भारतीय उत्पादों को जलाया था।

चीन की रणनीति है कि वह बांग्लादेश की नई सरकार से करीबी संबंध बनाकर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा बनवाए। यदि ऐसा होता हैं तब यह भारत के लिए एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि भारत चीन के बेल्ट एंड रोड कार्यक्रम के खिलाफ है।

# स्कूलों में बम की फर्जी धमकी देने का आरोपी निकाला 12वीं का छात्र, अफजल गुरु से लिंक

**-मामले में एक राजनीतिक पार्टी का कनेक्शन भी आ रहा सामने**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के 400 स्कूलों में बम की फर्जी धमकी देने वाले को दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को पकड़ लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी 12वीं का छात्रा है। उसकी फैमिली एक एनजीओ के संपर्क में थी, जो अफजल गुरु की फांसी का विरोध कर रहा था।

दरअसल, दिल्ली में 2024 में मई से लेकर दिसंबर तक 50 बम की धमकियां भेजी गईं। इसमें सिर्फ स्कूल ही नहीं अस्पताल, एयरपोर्ट और एयरलाइन कंपनियां भी शामिल हैं। इस महीने 4 बार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

मामले के सामने आते ही भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेसवार्ता कर कहा कि सभी को पता है कि आप का इसतरह के एनजीओ से गहरा संबंध है, जिन्होंने अफजल गुरु की फांसी का विरोध किया था। फरवरी 2015 में अफजल गुरु की बरसी पर टुकड़े-टुकड़े के नारे लगाए गए थे और आप ने महीनों तक उस फाइल को बंद रखा। आप को सामने आकर इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

वहीं दिल्ली पुलिस ने बताया कि मामले में एक राजनीतिक दल का नाम सामने आया स्पेशल पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) मधुप तिवारी ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारी टीमों ने 8 जनव को आए ई-मेल के बाद नाबालिग क ट्रैक किया। ई-मेल भेजने वाला नाबालिग था, इसलिए टीम ने फोरेंसिक जांच के लिए उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने नाबालिग के भेजे 400 धमकी भरे ईमेल ट्रैक किए। छात्र के पिता के बैकग्राउंड की भी जांच की। वे एक एनजीओ के साथ काम कर रहे हैं। जांच में सामने आया हैं कि यह एनजीओ अफजल गुरु की फांसी के विरोध से जुड़ा था और एक राजनीतिक दल की भी मदद कर रहा है। पुलिस ने राजनीतिक दल का नाम नहीं जाहिर किया है। पुलिस अब इस एंगल पर जांच कर रही है कि इस बच्चे के पीछे कहीं कोई और नहीं जो मेल करवा रहा है।

भाजपा नेता त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के माता-पिता ने गुरु की दया याचिका का समर्थन किया था। इन दोनों के बीच एक सीधा दिखाई देता है। क्या आप इसमें शामिल है? इन एनजीओ के लोग कौन हैं और क्या उनका आम आदमी पार्टी से संबंध है?

मैं अरविंद केजरीवाल से अपील करता हूं कि वे सामने आएं और आप को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन लोगों के साथ उनका क्या संबंध है। अगर नाबालिग यह सब कर रहे हैं, तब इसतरह के एनजीओ देश के बच्चों के दिमाग में किस तरह का जहर घोल रहे हैं? हम आप से स्पष्ट जवाब चाहते हैं। अगर उन्होंने साफ जवाब नहीं दिया, तब संदेह और गहरा हो जाएगा।

## शरद पवार ने भी दिए अकेले चुनाव लडऩे के संकेत, स्थानीय चुनाव के लिए नहीं था इंडिया गठबंधन



मुंबई। महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय चुनाव से पहले महा विका अघाड़ी गठबंधन टूट की कगार पर पहुंचता दिख रहा है। दरअसल हाल ही में शिवसेना यूबीटी ने स्थानीय चुनाव अकेले लडऩे का एलान किया था। अब एनस पी एसपी प्रमुख शरद पवार ने भी ऐसे संकेत दिए हैं कि उनकी पार्टी भी स्थानीय चुनाव अकेले लड़ सकती है। शरद पवार ने कहा कि अगले 8-10 दिनों में बै ठक होगी, जिसमें इस पर फैसला होगा कि चुनाव गठबंधन में लड़ा जाए या फिर अकेले। शरद पवार से जब इंडी गठबंधन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में कभी भी राज्य और स्थानीय चुनाव को लेकर चर्चा नहीं हुई। इंडी गठबंधन सिर्फ राष्ट्रीय स्तर के चुनाव के लिए था। महाराष्ट्र के आगामी निकाय चुनाव में हम गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे या अकेले, इसका फैसला करने के लिए अगले 8-10 दिनों में बैठक होगी। दिल्ली विधानसभा चुना को लेकर एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि दिल्ली चुनाव में, मुझे ऐसा लगता है कि हमें अरविंद केजरीवाल की मदद करनी चाहिए।

## उत्तर भारत के 17 राज्यों में कोहरा, 9 में बारिश, हिमाचल में तापमान माइनस 12 डिग्री पहुंचा

**-मप्र में आज से गिरेगा मावठा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फीली हवाओं के कारण उत्तर भारत के राज्यों में तापमान लगातार गिर रहा है। इसके अलावा मौसम विभाग ने बुधवार को 17 राज्यों में कोहरा और 9 राज्यों में बारिश होने का अनुमान भी जताया है। मप्र में 15 जनवरी को मावठा गिरेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन संभाग में बारिश हो सकती है। सिस्टम के गुजरने के बाद 17 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ जाएगा। मौसम वैज्ञानिक प्रकाश धामले ने बताया, मंगलवार से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो गया है। इसका असर 15 और 16 जनवरी को प्रदेश में देखने को मिलेगा। सिस्टम जैसे ही गुजरेगा, प्रदेश में ठंड का असर फिर से बढ़ जाएगा।

हिमाचल में बर्फबारी के कारण कुकुमसेरी का इलाका सबसे ठंडा रहा। यहां रात का तापमान -12.3 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि ताबो में -10.9 डिग्री तापमान रहा। हरियाणा में भी सर्दी के कारण 2 लोगों की मौत हुई। पंजाब के अमृतसर में तापमान 1.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यूपी में मंगलवार सुबह से 43 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। सहारनपुर में विजिबिलिटी जीरो तक पहुंच गई। ठंड के चलते गाजियाबाद में 8वीं क्लास तक के बच्चों की 18 जनवरी तक छुट्टी कर दी गई है। कुछ जिलों में आज ओले गिरने का भी अलर्ट है। मौसम विभाग ने कहा कि राजस्थान के भी 15 जिलों में ओले गिर सकते हैं। जोधपुर में सभी स्टूडेंट्स के लिए 15 जनवरी और सवाई माधोपुर के स्कूलों में 8वीं तक के बच्चों के लिए 16 जनवरी तक छुट्टी की गई है।

### हरियाणा में दो दिन बारिश

हरियाणा में 15 और 16 जनवरी को बारिश की संभावना है। 15 जनवरी को कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। अगले 6 दिन में मौसम कई बार करवट बदलेगा। वहीं मंगलवार को सुबह 11 जिलों में घनी धुंध छाई। इससे विजिबिलिटी भी 10 से 50 मीटर तक रही। हालांकि सुबह 11 बजे के बाद धूप निकलने से धुंध कम हो गई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 10 जिलों में कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में हिसार, रोहतक, चरखी-दादरी, झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह और पलवल शामिल है।

### श्रीनगर में तापमान -5.1 डिग्री

कश्मीर घाटी में शीतलहर का दौर जारी है। हालांकि, कई दिनों बाद सोमवार सुबह श्रीनगर में धूप निकली। इससे पहले रविवार को शहर का न्यूनतम तापमान 3.1 डिग्री की गिरावट के साथ -5.1 डिग्री पहुंच गया। पहलगाम का तापमान सबसे कम -8.4 डिग्री दर्ज किया गया।

## राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं... महागठबंधन में नीतीश की एंट्री की अटकलों पर बोलीं मीसा भारती



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी, जेडी (यू) को लेकर एक और राजनीतिक बदलाव की बढ़ती अटकलों के बीच, राजद सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने वह बयान छेड़ दिया है, जिससे आने वाले दिनों में सियासी हलचल और तेज हो सकती है। राजद के साथ गठबंधन में नीतीश की संभावित वापसी के बारे में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए भारती ने कहा कि काफी समय से चर्चा चल रही है...मुझे नहीं लगता कि कुछ होने वाला है।'

अपने जवाब में राजद नेता ने आने वाले दिनों में किसी भी संभावित राजनीतिक उथल-पुथल से इनकार कर दिया। राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में बड़े बदलाव को लेकर चल रही चर्चा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मैं कहती रहती हूं कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। इस पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी... खरमास (मकर संक्रांति से पहले एक अशुभ अवधि) आज के बाद समाप्त हो जाएगा। राजनीति सहित सभी शुभ कार्यक्रम आज के बाद हो सकते हैं।'

विशेष रूप से, पिछले साल, नीतीश कुमार ने सीएम पद से इस्तीफा देकर औपचारिक रूप से राजद के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया था और भाजपा के साथ मिलकर राज्य सरकार के शीर्ष पर एक और कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। इस साल 4 जनवरी को, नीतीश ने उस समय की स्थिति की आलोचना की जब लालू बिहार के सीएम के रूप में शासन करते थे, 'बिहार की हालत काफी खराब थी।'

इससे पहले केंद्रीय मंत्री और जेडीयू नेता लल्लन सिंह ने लालू के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि नीतीश के लिए महागठबंधन गठबंधन के दरवाजे हमेशा खुले हैं। बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंह ने कहा, 'हम (जेडीयू) एनडीए के साथ हैं और पूरी मजबूती के साथ हैं। लोग क्या कहते हैं, मैं उस पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकता-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। लोग जो चाहें कह सकते हैं।'

# एआई नए आविष्कारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सहित दुनिया भर के 69 प्रतिशत अधिकारी मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नए आविष्कारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह दावा किया है 'एक्सेंचर टेक्नोलॉजी विजन 2025' रिपोर्ट में।

ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि एआई अब एक टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट पार्टनर, पर्सनल ब्रांड एम्बेसडर, और पावर रोबोटिक बॉडी के रूप में भी तेजी से कार्य करेगा, जो बेहतर प्रदर्शन के लिए लोगों की मदद करेगा। एआई का प्रसार अब उद्यमों और समाज में इतनी तेजी से हो रहा है, जिसे किसी पिछली टेक्नोलॉजी से तुलना नहीं की जा सकती। एक्सेंचर की अध्यक्ष और सीईओ जूली स्वीट ने इस संदर्भ में कहा कि एआई के फायदों का सही उपयोग तभी संभव होगा जब नेता इसे एक व्यवस्थित तरीके से अपनाएं और इसके परिणामों पर विश्वास बनाए रखें।

केवल इसी तरह से व्यवसाय और लोग एआई की अद्भुत संभावनाओं का लाभ उठा सकेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, एआई के वास्तविक लाभ तभी संभव होंगे, जब इसे भरोसे की नींव पर स्थापित किया जाएगा। 77 प्रतिशत अधिकारी इस बात से सहमत हैं कि एआई के सफल कार्यान्वयन के लिए भरोसा आवश्यक है। इसके अलावा, 81 प्रतिशत अधिकारियों का मानना है कि भरोसे की रणनीति को किसी भी टेक्नोलॉजी रणनीति के समानांतर विकसित किया जाना चाहिए। इस शोध में 21 उद्योगों और 28 देशों के 4,000 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें भारत भी शामिल था। एक्सेंचर के समूह मुख्य कार्यकारी-प्रौद्योगिकी और सीटीओ कार्तिक नारायण ने कहा कि नए एआई मॉडल, एजेंटिक एआई सिस्टम और आर्किटेक्चर के साथ, उद्यमों को अप ा डिजिटल ब्रेन बनाने में मदद मिलेगी। इससे यह सु नेश्चित होगा कि डिजिटल सिस्टम किस प्रकार डिज़ाइ न किए जाते हैं, लोग कैसे काम करते हैं, और वे अपने ग्राहकों से किस प्रकार संवाद करते हैं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि 80 प्रतिशत कार्यकारी इस बात से चिंतित हैं कि बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और चैटबॉट्स हर ब्रांड को एक जैसी आवाज़ दे सकते हैं। हालांकि, 77 प्रतिशत अधिकारी इस बात से सहमत हैं कि ब्रांड अपनी पर्सनल एआई एक्सपीरियंस के माध्यम से संस्कृति, मूल्यों और आवाज़ जैसे विशिष्ट ब्रांड तत्वों को इस समस्या का समाधान बनाने में सक्षम हो सकते हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में सामान्य रोबोट उभरेंगे, जो फिजिकल वर्ल्ड में एआई स्वायत्तता को बढ़ाएंगे।

